

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 10 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-01 ■ वर्ष -41 ■ अंक-134 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# पीएम मोदी ने 3 वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**बेंगलुरु,10 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। नई शुरू की गई सेवाओं में बेंगलुरु-बेलगावी रूट, अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा रूट और नागपुर (अजनी)-पुणे रूट शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने कर्नाटक दौरे के तहत बेंगलुरु पहुँचे। केएसआर रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी अगले दिन बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की ज़रूरत बताई। अपने दौरे से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने नई वंदे भारत ट्रेनों की ज़रूरत बताई। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किया, "कल, 10 अगस्त को, मैं बेंगलुरु के लोगों के साथ होने के लिए उत्सुक हूँ। कनेक्टिविटी में सुधार के लिए केएसआर रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई



जाएगी। बेंगलुरु शहर के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिए, बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन किया जाएगा। बेंगलुरु मेट्रो के तीसरे चरण की आधारशिला रखी जाएगी। शहर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित किया जाएगा। भारत के वंदे भारत बेड़े में कुल 150 ट्रेनें हो गई हैं। कर्नाटक अब इनमें से 11 सेमी-हाई-स्पीड सेवाओं का संचालन करता है, जबकि महाराष्ट्र, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में रेल संपर्क का और विस्तार होने वाला है।

ध्वजारोहण समारोह के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक चलने वाली बेंगलुरु मेट्रो की 19 किलोमीटर लंबी येलो लाइन का उद्घाटन करेंगे। दूसरे चरण के तहत लगभग ₹7,160 करोड़ की लागत से निर्मित, इस कॉरिडोर में 16 स्टेशन शामिल हैं, जो प्रमुख आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक केंद्रों को जोड़ते हैं। इस विस्तार से बेंगलुरु का मेट्रो नेटवर्क 96 किलोमीटर से आगे बढ़ गया है, जिससे लाखों दैनिक यात्रियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने आरवी रोड से इलेक्ट्रॉनिक सिटी तक मेट्रो से यात्रा भी की। बाद में, उन्होंने ₹15,610 करोड़ की लागत वाले तीसरे चरण की आधारशिला रखी, जिसमें 44 किलोमीटर से अधिक एलिवेटेड ट्रैक और 31 नए स्टेशन शामिल होंगे।

## संक्षेप

### खरगे देंगे इंडिया गठबंधन के नेताओं को डिनर

**नई दिल्ली,10 अगस्त।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर का आयोजन कर रहे हैं जिसमें चुनाव आयोग पर 'वोट की चोरी', बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार डिनर का आयोजन 11 अगस्त यानी सोमवार को किया जाएगा। इसमें लोकसभा तथा राज्यसभा में इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेताओं के साथ ही विपक्षी गठबंधन के प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

### राहुल ने वोट चोरी मामले पर शुरु किया मिस्ड कॉल अभियान

**नई दिल्ली,10 अगस्त।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर हमला करार देकर हुए इस मुद्दे पर और आक्रामक रुख अपनाते हुये लोगों का समर्थन जुटाने के वास्ते मिस्ड कॉल का सार्वजनिक अभियान शुरू किया है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर रविवार को फोन नंबर 9650003420 जारी कर वोट चोरी के मुद्दे पर जन समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है।

### लालकिले की सुरक्षा में फिर सेंध, विस्फोटक लेकर घुसा डमी आतंकी

**नई दिल्ली,10अगस्त।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का डमी आतंकी विस्फोटक लेकर घुस गया। वह उस जगह पर पहुंच गया जहां, प्रधानमंत्री के भाषण के समय ज्ञानपथ पर बच्चे बैठते हैं। इतना ही नहीं डमी आतंकी ने वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों के बीच में सेल्फी भी ली और वीडियो भी बनाईं। स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल लालकिले की सुरक्षा में फिर एक बार सेंध लग गई। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का डमी आतंकी विस्फोटक लेकर घुस गया। वह उस जगह पर पहुंच गया जहां, प्रधानमंत्री के भाषण के समय ज्ञानपथ पर बच्चे बैठते हैं। इतना ही नहीं डमी आतंकी ने वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों के बीच में सेल्फी भी ली और वीडियो भी बनाईं। पिछली बार की तरह इस बार भी लालकिले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी डमी आतंकी को पकड़ नहीं पाए। इससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मचा हुआ है। जोन के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र यादव का कहना है कि उनको डमी आतंकी के लालकिले में घुसने के बारे में जानकारी नहीं है। लालकिले में डमी आतंकी के घुसने की तीसरी घटना है।

### टैरिफ वॉर के बीच राजनाथ की दो टूक

**नई दिल्ली,10 अगस्त।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया का सबसे तेज विकास करने वाला देश भारत है. कुछ लोग हैं जिनको भारत का विकास पसंद नहीं आ रहा है. खुद को ही दुनिया का बॉस समझ बैठे हैं. उनको समझ नहीं आ रहा है कि भारत कैसे इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है. बहुतों द्वारा ऐसी कोशिश की जा रही है कि भारत में भारत के लोगों द्वारा जो चीज बनाई जा रही है वो अगर किसी दूसरे देश में जाए तो उन देशों में बनने वाली चीजों से महंगी हो जाए ताकि दुनिया के लोग उसे खरीदें ही ना. उन्होंने कहा कि भारत आज जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, एक दिन भारत दुनिया की एक बड़ी शक्ति बनकर रहेगा. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "जहां तक रक्षा क्षेत्र की बात है, आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की रक्षा वस्तुओं का निर्यात कर रहे हैं. यह भारत की ताकत है, यह नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है और निर्यात निरंतर बढ़ रहा है..."



## मंत्री रामविचार नेताम ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

**नई दिल्ली,10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रामविचार नेताम ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास कार्यालय पर मुलाकात की. इस दौरान मंत्री रामविचार नेताम ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बधाई दी. वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में चलाए जा रहे नक्सल अभियान पर चर्चा की. कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को बताया कि छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा नियद नेल्लानार अभियान के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनजातियों के विकास के लिए कार्यों किए जा रहे हैं. साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी दी.

## उज्ज्वला योजना: अब सब्सिडी पर मिलेंगे 9 सिलेंडर

**मुंबई,10 अगस्त।** केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलेंडर से जुड़े दो महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। पहला, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को लागत से कम दाम पर एलपीजी बेचने से हुए ₹30,000 करोड़ के घाटे की भरपाई 12 किश्तों में की जाएगी। दूसरा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सालाना दिए जाने वाले सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या 12 से घटाकर 9 कर दी गई है। सरकार ने तेल कंपनियों के लिए ₹30,000 करोड़ कैश मुआवजा मंजूर किया है। इसका भुगतान 12 किश्तों में किया जाएगा। पहली किश्त सितंबर-अक्टूबर 2025 में जारी होगी। वित्त वर्ष 2026 में ₹15,000 करोड़, शेष राशि वित्त वर्ष 2027 में दी जाएगी। एकमुश्त भुगतान करने से राजकोषीय घाटा 8 बेसिस प्वाइंट बढ़ सकता था, इसलिए इसे दो वित्तवर्ष में विभाजित किया गया है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 में 4.4% जीडीपी वित्तीय घाटा बनाए रखना है।

पीएम उज्ज्वला योजना के तहत अभी सब्सिडी वाले 12 सिलेंडर हर साल मिलते थे, लेकिन सरकार ने इनकी संख्या घटाकर 9 कर दी है। हालांकि, सब्सिडी ₹300 प्रति 14.2 किग्रा सिलेंडर पर बरकरार है। वित्त वर्ष 2026 के लिए उज्ज्वला योजना के लिए ₹12,060 करोड़ का बजट निर्धारित किया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, उज्ज्वला परिवारों की औसत खपत वित्त वर्ष 2020 में 3 रिफिल से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 4.47 रिफिल हो गई। सरकार के इस फैसले से देश के लाखों गरीब परिवार सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। उज्ज्वला योजना में सब्सिडी बनी रहने से उन्हें राहत तो मिलेगी, लेकिन सालाना रिफिल सीमा घटा देने से खपत पर असर पड़ेगा। वहीं किश्तों में मुआवजा देने से वित्तीय दबाव कम होगा।

## अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ रहे हैं अनिमेष कुजूर

**जशपुर 10 अगस्त।** घुइटागर गांव के 21 वर्षीय युवा धावक अनिमेष कुजूर ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का मान बढ़ा दिया। वह इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले दूसरे कॉन्टिनेंटल लेवल के खिलाड़ी बन गए हैं। 200 मीटर की रेस में अनिमेष ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए 20.32 सेकंड में दूरी पूरी की। इस प्रतिस्पर्धा में जापान के तोवा उजावा (20.12 सेकंड) ने स्वर्ण पदक और सऊदी अरब के अब्दुल अताफी (20.31 सेकंड) ने रजत पदक जीता। इससे पहले अनिमेष का सर्वश्रेष्ठ समय 20.40 सेकंड था, जो उन्होंने कोच्चि में बनाया था। जीत के बाद अनिमेष ने




खुशी जाहिर करते हुए कहा, "शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही, लेकिन बेहतरीन कर्व रनिंग ने मुझे पदक दिलाया।" मुख्यमंत्री ने भी अनिमेष को बधाई देते हुए कहा, "छत्तीसगढ़ के लाल अनिमेष कुजूर को बधाई! एशियन चैंपियनशिप से लेकर विश्व मंच तक देश-प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। 100 और 200 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के साथ-साथ Diamond League में दौड़ने वाले पहले भारतीय बनना ऐतिहासिक उपलब्धि है।"

### टीएमसी नेताओं के बीच नहीं थम रहा विवाद

**कोलकाता,10 अगस्त।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी ने एक बार फिर पार्टी की सहयोगी महुआ मोइत्रा पर तीखा हमला बोला है। बनर्जी ने इस बार मोइत्रा को 'निम्न स्तर' का बताया है।

दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद अब निजी हमलों में बदल गया है। यह विवाद तब और बढ गया जब बनर्जी ने मोइत्रा की शादी पर टिप्पणी की, जिसके जवाब में महुआ ने उन्हें 'सुअर' कहा था। पत्रकारों से बात करते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि महुआ मोइत्रा के बारे में बात करना 'समय और ऊर्जा की बर्बादी' है।

## कांग्रेस के ट्विट पर सीएम साय के मीडिया सलाहकार का पलटवार



**रायपुर,10 अगस्त।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इलेक्शन कमीशन पर वोट चोरी का आरोप लगाए जाने के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने ट्वीट कर भाजपा और इलेक्शन कमीशन के बीच वोट चोरी का गठबंधन बताया है. रक्षाबंधन जैसे पर्व के जरिए की गई इस तरह की टिप्पणी पर गहरी आपत्ति दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडलर्स अब किसी आतंकी हैंडलर्स से ज्यादा खतरनाक होते जा रहे हैं. पंकज कुमार झा ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के ट्विट को टैग करते हुए अपने ट्विट में लिखा है कि कांग्रेस अब कोई मामूली विषय या राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रह गयी है. इसके सोशल मीडिया हैंडलर्स अब किसी भी आतंकी हैंडलर्स से अधिक खतरनाक होते जा रहे हैं. किसी न किसी बहाने भारतीय त्यौहारों का उपहास करना, सनातन को नीचा दिखाना, कभी कैंसर तो एड्स आदि कहना इनकी सोची-समझी साजिश है.झा ने कहा कि अब एनआईए या अन्य सक्षम एजेंसियों को पड़ताल करना होगा कि आखिर कौन लोग हैं जो आज कांग्रेस का सोश्यल मीडिया चला रहे हैं. केवल राजनीतिक आकांक्षा से तो ऐसे पोस्ट लगातार नहीं किए जा सकते. कुछ अलग खिचड़ी पक रही है. देश को हर तरह से अस्थिर करने, बहुसंख्यक जनता को उकसा कर कुछ 'बड़ा' करने का षड्यंत्र है शायद. ये चाह रहे हैं कि अत्यधिक सहिष्णु हिंदू अपनी सहिष्णुता छोड़ दें. अंत में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार ने लिखा है कि बहुत ही शातिर और खतरनाक लोग हैं ये, किसी भी आतंकी संगठन से अधिक खतरनाक. कोई राजनीतिक दल तो ऐसा बिल्कुल नहीं कर सकता. ध्यान देना होगा अब.



## धर्मांतरण पर बवाल, हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रार्थना गृह का किया घेराव

**रायपुर,10 अगस्त।** राजधानी रायपुर में धर्मांतरण को लेकर फिर बवाल हुआ है. रविवार की सुबह सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के कुकुर बेड़ा में हिंदू संगठनों ने एक मकान का घेराव कर दिया. हिंदू संगठन ने आरोप लगाया कि यहां प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था. जैसे ही ये मामला सामने आया, क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है. मसीही समाज और हिंदू संगठन के बीच हो रहे विवाद की जानकारी पुलिस अधिकारियों को मिली. इसके बाद उस क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है.

## ऑपरेशन सिंदूर में सेना को मिली थी खुली छूट : आर्मी चीफ

**चेन्नई,10अगस्त।** भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार, 9 अगस्त को ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले से जुड़े कई अहम खुलासे किए। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद कैसे भारत ने निर्णायक जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। मद्रास आईआईटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए चलाया गया था। इस अभियान के तहत 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद 23 अप्रैल को हुई महत्वपूर्ण बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट संदेश दिया था कि बस अब बहुत हो गया। ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को पूरी छूट दी गई कि वे तय करें कि क्या कदम उठाने हैं। इस तरह की राजनीतिक स्पष्टता और आत्मविश्वास सेनाओं के मनोबल को ऊँचा उठाने वाला साबित हुआ। जनरल उपेंद्र द्विवेदी के मुताबिक, बैठक के दो दिन बाद ही आतंकवादी ठिकानों पर हमले की विस्तृत



योजना तैयार की गई। 25 अप्रैल को उत्तरी कमान के दौरे के बाद नौ लक्षित ठिकानों में से सात को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कई आतंकवादी मारे गए। उनके ठिकाने भी पूरी तरह से नष्ट किए गए। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी के साथ पहली समीक्षा बैठक 29 अप्रैल को हुई। इसी दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम निर्धारित किया गया। जिसने पूरे देश को एकजुट और प्रेरित किया।

**वायुसेना की ऐतिहासिक उपलब्धि-** सेना प्रमुख की टिप्पणी से कुछ घंटे पहले ही एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने खुलासा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पांच पाकिस्तानी लड़ाकू विमान और एक बड़े AEW&C (पूर्व चेतावनी विमान) को मार गिराया। उन्होंने भी इस बात पर जोर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना को खुली छूट मिली हुई थी।

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता-** ऑपरेशन सिंदूर आधिकारिक रूप से 7 मई 2025 को शुरू हुआ। 8 और 9 मई की रात PoK और पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए।

### तेजस्वी यादव का डिप्टी सीएम विजय सिन्हा पर वार

**पटना,10 अगस्त।** बिहार में मतदाता सूची की शुद्धता पर एक नया विवाद खड़ा हो गया है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा पर दोहरे EPIC कार्ड और उम्र में हेरफेर का गंभीर आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं. लखीसराय और पटना के बांकीपुर में अलग-अलग उम्र और मतदाता पंजीकरण के दस्तावेज पेश कर तेजस्वी ने दावा किया कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का सीधा उल्लंघन है नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दोहरे EPIC कार्ड और उम्र में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाया है.

**सार बातें** | जशपुर जिले में 3 नए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों का लोकार्पण

## दूरस्थ अंचलों तक बैंकिंग सेवाएं पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री साय

**जशपुर,10 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य और जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, ताकि किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को वित्तीय सेवाएं उनके ही गाँव में सुलभ हों। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाएं न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति देती हैं, बल्कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भी आधार बनती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने जशपुर जिले के बगिया ग्राम में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जशपुर विकासखंड के ग्राम आरा, पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम कुड़ेकेला (घरजियाबथान) और बगीचा विकासखंड के ग्राम छिछली में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की नई शाखाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के 12वें वार्षिक प्रतिवेदन का भी विमोचन किया।

**44 हज़ार से अधिक ग्रामीण होंगे लाभान्वित-** मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यकम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि जशपुर जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के तीन नई शाखाओं के शुरू होने से 23 ग्राम पंचायतों और 48 आश्रित ग्रामों के लगभग 44 हज़ार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब ग्रामीणों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन की बचत होगी।

**अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को मिलेगी वित्तीय सेवाएं-** मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि जशपुर जिले की 268 पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू किए गए हैं, जिनके माध्यम से अब




तक लगभग 15 करोड़ रुपये का लेन-देन हो चुका है। आगामी पंचायत दिवस तक जिले की सभी पंचायतों में ये सुविधा केंद्र प्रारंभ करने की योजना है। इन केंद्रों से ग्रामीणों को उनके गाँव में ही बैंकिंग, बीमा और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध होंगी। जशपुर जिले के ग्राम छिछली की सरपंच श्रीमती अनिमा मिंज, आरा के सरपंच श्री मनोज भगत और कुड़ेकेला के सरपंच श्रीमती शशिकांता पैंकरा ने कहा कि नई बैंक शाखाओं से अब उनके क्षेत्र के ग्रामीणों को सभी बैंकिंग सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। ग्राम पंचायत आरा से वर्चुअली जुड़ी विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि बैंक खुलने से हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ सीधे बैंक के माध्यम से हितग्राहियों को मिलेगा। ग्राम कुड़ेकेला से वर्चुअली जुड़ी विधायक श्रीमती गोमती साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की जनधन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ी है और अब 3 नए ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में गति आएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इन 3 नई शाखाओं के खुलने से जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की कुल शाखाओं की संख्या बढ़कर 30 हो गई है।

# दंतेश्वरी फाइटर्स व आत्मसमर्पित माओवादी बहनों ने उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री को बांधा रक्षा सूत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 10 अगस्त।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सर्किट हाउस परिसर दंतेवाड़ा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप को 'दंतेश्वरी फाइटर' एवं आत्मसमर्पित माओवादी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जो भी बहनें आज भी भटकाव के उस रास्ते पर हैं, यदि वे मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लेंगी, तो पूरा समाज उन्हें खुले हृदय से अपनाएगा। हम उन्हें बहन का स्थान देंगे, उनकी सुरक्षा और सम्मान की पूरी जिम्मेदारी निभाएंगे, और उनके जीवन यापन के लिए हर संभव सहायता करेंगे। रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, अपनापन और एक-दूसरे की सुरक्षा का संकल्प है। आज इन बहनों ने जो स्नेह और सम्मान दिया है, वह मेरे लिए अविस्मरणीय है। सरकार इन बहनों और बस्तर के हर नागरिक के जीवन में शांति, सम्मान और समृद्धि लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

# बहनों ने पुलिस भाइयों की कलाई पर बांधा सुरक्षा का संकल्प सूत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 10 अगस्त।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर, जब अधिकांश भाई-बहन यह त्योहार अपने घर-परिवार के साथ मना रहे थे, जिले के पुलिस जवान अपने कर्तव्य पथ पर समाज की सुरक्षा में तत्पर थे। इन्हीं समर्पित पुलिस भाइयों के प्रति स्नेह, सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए, कबीरधाम जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं की बहनों ने एक दिन पूर्व ही पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें सुरक्षा का संकल्प सूत्र प्रदान किया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित इस भावपूर्ण समारोह में, बहनों ने आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प का संदेश देते हुए राखी बांधी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला एवं कृष्ण कुमार चंद्राकर ने राखी बंधवाकर बहनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल की शिक्षिका श्रीमती रेखा सिंह, कक्षा 7वीं एवं 9वीं की छात्राएं, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कवर्धा की बी.के. निलेश्वरी दीदी एवं बी.के. गोमती दीदी, तथा पी.जी. कॉलेज की छात्रा बहनों ने भाग लिया। सभी



ने प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद से परिपूर्ण राखी बांधते हुए पुलिस भाइयों की निरंतर सेवा, निष्ठा और बलिदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।बहनों ने कहा कि पुलिस विभाग समाज की ढाल है, जो अपने त्योहार और परिवार की खुशियां त्यागकर नागरिकों की सुरक्षा में जुटा रहता है। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने इस स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए वचन दिया कि वे समाज में सुरक्षा, शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा की बहनों के हाथों राखी बंधवाकर हमें महसूस हुआ कि हमारी ड्यूटी केवल वर्दी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक भावनात्मक रिश्ता है जो हमें पूरे समाज से जोड़ता है।

यह रक्षा सूत्र हमें हमेशा याद दिलाएगा कि हमारी जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था तक नहीं, बल्कि हर बहन-बेटी की सुरक्षा तक है। रक्षाबंधन का यह पर्व कबीरधाम में केवल भाई-बहन के रिश्ते का उत्सव नहीं, बल्कि जन-सेवा और सुरक्षा के अटूट संकल्प का सशक्त प्रतीक बन गया।

## एक नजर

### जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरी(कु) के पंचायत सचिव को जान से मारने की धमकी देने वाले मामले में कुम्हारी पुलिस ने धारा 296, 351 (3), 3 (5), 132, 221, 224 बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम-अकोला निवासी दीपक कुमार यादव (28 साल) ग्राम-पंचायत खपरी (कु) में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 अगस्त को कार्यालय में बैठकर शासकीय कार्य संपादित कर रहा था उसी समय दोपहर 2 बजे गांव के मुकेश जोशी (40 सार) और भूपेन्द्र सैलिक (30 साल) आए और प्राथमिक शाला खपरी (कु) में मध्यान्ह भोजन में पकाए जा रहे सब्जी एवं राशन कार्ड बनाने को लेकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है

### लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर फरार आरोपी पकड़ाया

**भिलाई, 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लाखों रुपए की धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहा आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू (48 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया इधर बैतुल पुलिस भी भिलाई पहुंची वहां आरोपी ने करोड़ों रुपए की ठगी की है पुलिस रात में ही उसे पकड़कर अपने साथ ले गया स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि ज्ञानप्रकाश साहू ने प्रार्थी ढाल सिंह वर्मा से शेयर मार्केट के नाम पर लाखों रुपए लेकर ठगी की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज किया था इस मामले में आरोपी को स्मृतिनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया वहीं बैतुल (मध्यप्रदेश) पुलिस ने आरोपी को पकड़ने रात को भिलाई के स्मृतिनगर चौकी पहुंची आरोपी ज्ञानप्रकाश को पकड़कर अपने साथ ले गई।

### चापड़ दिखाकर लोगों को डराने वाला दबोचा गया

**भिलाई, 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुपेला थाना क्षेत्र के धारदार चापड़ दिखाकर आम



लोगों को डराने धमकाने के मामले में सुपेला पुलिस की पकड़ में आया आरोपी जालबांधा के स्कूल से लैपटॉप चोरी करने का आरोपी भी निकला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27, आर्म्स एक्ट, 305 (ई), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। वहीं आरोपी पर पूर्व में भी अपराध दर्ज है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि आकाश गंगा प्रेस काम्पलेक्स के पास सुपेला में एक युवक चापड़ दिखाकर लोगों को डराने धमकाने की मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम कालीचरण देवराज (22 साल ) निवासी पवनतरा चौंकी जालबांध जिला खैरागढ़ हाल पता सिकोला बस्ती थाना मोहन नगर बताया। इसके कब्जे से एक धारदार लोहे का चापड़ को जब्त कर लिया गया आरोपी की तलाशी पर दो लेपटॉप, दो माउस, एक चार्जर बरामद किया है आरोपी आदतन अपराधी है उसके खिलाफपूर्व में भी अपराध पंजीबद्ध है।

### शासकीय पेंशनधारियों का होगा ऑनलाइन सत्यापन



**भिलाई, 10 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन अब मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन होगा। केन्द्र पोषित पेंशन योजनाएं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का प्रतिवर्ष सत्यापन किया जाता है। अभी तक यह सत्यापन प्रत्यक्ष रूप से मैन्युअली होता रहा है। शासन के निर्देशानुसार जिलाधीश दुर्ग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर निगम सभागार में समाज कल्याण विभाग के पेंशन कार्य में लगे अधिकारी/कर्मचारियों को मोबाइल एप से हितग्राहियों के सत्यापन किए जाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में विभाग के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे, कर्मचारी सुखराम यादव, त्रिलोक ताम्रकार, मनहरण टंडन, संतोष हरमुख, बोधन साहू, रेखराम भारती, जितेन्द्र तिवारी, सागर दुबे, हेमंत मांझी, अतुल यादव, नंदकुमार नारंग, धनेश्वर साहू, अनूप सिन्हा, उपस्थित रहे, जिन्हें अंजु साहू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रक्रिया समझाया।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बस्तर संभाग में हो रहा है डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

# विगत तीन माह में बस्तर जिले में आभा लिंक से 53 फीसदी मरीजों ने कराया ओपीडी रजिस्ट्रेशन

■ **स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर 'नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल' से स्वास्थ्य सुविधाएं हुईं और भी सुलभ, प्रभावी एवं पारदर्शी**



**रायपुर, 10 अगस्त।** बस्तर संभाग में नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन क्षेत्र के लिए एक बड़ा परिवर्तन साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्त विस्तार की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सतत मार्गदर्शन में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं आज तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं।

बस्तर के छ :जिला चिकित्सालयों, दो सिविल अस्पतालों और 41 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल प्रणाली का सफल संचालन किया जा रहा है, जिससे ओपीडी पंजीकरण, परामर्श, जांच, दवा वितरण तथा मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारियां अब एक डिजिटल मंच पर उपलब्ध हो रही हैं। इसके तहत मरीजों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं मिल रही हैं। डिजिटल तकनीक के इस समावेशन ने अस्पतालों में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और मरीजों की संतुष्टि में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत अस्पतालों का हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन (॥स्त्रक्र) और चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ का हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्रेशन (॥क्क्र) सुनिश्चित किया गया है। अस्पताल परिसरों में आभा कियोस्क स्थापित कर मरीजों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) बनाने की सुविधा दी जा रही है। स्कैन एंड शेयर एवं आभा आईडी के माध्यम से ऑनलाइन ओपीडी पंजीयन की सुविधा से मरीजों को लम्बी कतारों से राहत मिली है और उन्हें त्वरित सेवाएं मिल रही हैं।

डिजिटल नवाचारों का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से सामने आया है। जिला चिकित्सालय बस्तर में मई, जून और जुलाई 2025 के दौरान कुल 60,045 ओपीडी पंजीयन दर्ज किए गए, जिनमें से 32,379 पंजीयन आभा लिंक के माध्यम से हुए – जो कि कुल पंजीयनों का 53त्न है। इसी अवधि में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में 33,895 ओपीडी पंजीयन दर्ज हुए, जिनमें से 13,729 पंजीयन आभा से लिंक किए गए – यानी 40% का डिजिटल एकीकरण।

यह पूरी प्रक्रिया न केवल समय की बचत सुनिश्चित कर रही है, बल्कि मरीजों के लिए डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड की सुविधा भी प्रदान कर रही है, जिसे वे देश के किसी भी हिस्से में कभी भी देख सकते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में पारदर्शिता के साथ-साथ उपचार की निरंतरता और गुणवत्ता में भी वृद्धि हो रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर संभाग में नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन जैसी आधुनिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति और दिशा दी है। डिजिटल पंजीकरण, हेल्थ रिकॉर्ड और पारदर्शी सेवा प्रणाली से मरीजों को समयबद्ध, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल रहा है। यह पहल न केवल बस्तर के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल है, जिसे हम शीघ्र ही राज्य के सभी जिलों में लागू कर स्वस्थ और सशक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं का यह तकनीकी उन्नयन न केवल स्थानीय जनता के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है, बल्कि यह पूरे प्रदेश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनकर उभर रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य इस प्रणाली को सभी जिलों में सुदृढ़ रूप से लागू कर स्वस्थ और सशक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ना है।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में यह पहल केवल स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। बस्तर में मिले सकारात्मक परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि जब तकनीक, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनभागीदारी एक साथ आते हैं, तो विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव लाएगी, बल्कि 'स्वस्थ भारत' के निर्माण में भी छत्तीसगढ़ का महत्त्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करेगी।

# रेलवे ने वापसी यात्रा के मूल किराए पर 20 प्रतिशत की छूट की घोषणा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 अगस्त।** त्योहारों के मौसम में भीड़भाड़ को कम करने और विशेष ट्रेनों सहित रेलगाड़ियों का दोनों तरफसे उपयोग सुनिश्चित करने के लिए रियायती किराए पर राउंड ट्रिप पैकेज नामक प्रायोगिक योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना उन यात्रियों पर लागू होगी जो नीचे दी गई निर्धारित अवधि के दौरान अपनी वापसी यात्रा भी चुनते हैं - इस योजना के तहत, समान यात्रियों के समूह के लिए आगे और वापसी दोनों यात्राओं के लिए बुकिंग करने पर छूट लागू होगी।

वापसी यात्रा का यात्री विवरण आगे की यात्रा के समान होगा। एआरपी तिथि 13 अक्टूबर के लिए बुकिंग प्रारंभ तिथि 14 अगस्त होगी। आगे की टिकट पहले 13 अक्टूबर और 26 अक्टूबर के बीच ट्रेन प्रारंभ तिथि के लिए बुक की जाएगी और बाद में 17 नवंबर और 1 दिसंबर के बीच ट्रेन प्रारंभ तिथि के लिए कनेक्टिंग यात्रा सुविधा का उपयोग करके वापसी यात्रा टिकट बुक की जाएगी। वापसी यात्रा की बुकिंग के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी। उपरोक्त बुकिंग केवल दोनों दिशाओं के कन्फर्म टिकटों पर ही मान्य होगी। वापसी यात्रा के मूल किराए पर केवल 20 प्रतिशत की कुल छूट दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत बुकिंग आगे और वापसी दोनों यात्राओं के लिए समान श्रेणी और समान ओ-डी जोड़ी के लिए होगी। बुक किए गए टिकटों के लिए किराया वापसी की अनुमति नहीं होगी। उपर्युक्त योजना फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों को छोड़कर सभी श्रेणियों और विशेष ट्रेनों (मांग पर ट्रेनें) सहित सभी रेलगाड़ियों में मान्य होगी। किसी भी यात्रा में इन टिकटों में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा। रियायती किराए पर वापसी यात्रा बुकिंग के दौरान कोई छूट, रेल यात्रा कूपन, वाउचर आधारित बुकिंग, पास या पीटीओ आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। आगे और वापसी यात्रा के टिकट एक ही माध्यम से बुक किए जाने चाहिए: इंटरनेट (ऑनलाइन) बुकिंग या आरक्षण कार्यालयों में काउंटर बुकिंग। इन पीएनआर के लिए चार्टिंग के दौरान यदि कोई अतिरिक्त किराया वसूली होती है, तो कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# दुकान 11 बजे बंद कराई जाए, हर बीट पर हो जवानों की तैनाती : विजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस और त्योहारी सीजन को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली उन्होंने कहा कि रात 11 बजे के बाद दुकानें बंद कराई जाए, हर बीट पर पुलिस जवानों की तैनाती हो इसकी पूरी जानकारी थाना प्रभारी को होनी चाहिए नियमित रूप से गश्त की जाए संदिग्ध गतिविधि वाले व्यक्तियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जाए उन्होंने बैठक में आगामी गणेशोत्सव त्योहार पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए तेज आवाज में बजने वाले साउंड सिस्टम पर नजर रखने, नियमत कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया गणेश पंडालों में सुरक्षा इंतजाम, ट्रैफिक व्यवस्था से जुड़ी जानकारी अपडेट की जाए। उन्होंने त्रिनयन एप का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए।

दुर्ग एसएसपी ने कहा कि नए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए इसे त्रिनयन एप से जोड़ा जाए। लोगों को सीसीटीवी लगवाने जागरूक किया जाए लंबित अपराधों की समीक्षा कर नियमानुसार नियत समय पर इनका निराकरण किए जाने के लिए प्रभारियों को निर्देशित किया गया एनडीपीएस एक्ट के तहत करने, मादक पदार्थों की जब्ती, उनका नष्टीकरण करने कहा जुआ-सट्टा पर अधिक से अधिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया अवैध शराब बिक्री पर शिकंजा कसा जाए।

## विश्व अंगदान जागरूकता समारोह में स्किन डोनेशन पर हुई विशेष चर्चा

# स्किन बैंक के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता : डॉ. केसवानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवादाता



**भिलाई, 10 अगस्त ।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के सभागार में 9 अगस्त को विश्व अंगदान जागरूकता समारोह के अंतर्गत अंगदान तथा स्किन डोनेशन विषय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें निदेशक (नेशनल बर्न सेंटर, एरोली, मुंबई) डॉ. सुनील केसवानी, विभागाध्यक्ष (प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न विभाग, डीके सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर) प्रो. डॉ. दक्षेश शाह तथा जॉइंट डायरेक्टर (राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) डॉ. वरुण अग्रवाल, तथा कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ रविंद्रनाथ एम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी, एवं डॉ. उदय कुमार, शामिल रहे।

इस अवसर पर चिकित्सालय की नर्सों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। निदेशक (नेशनल बर्न सेंटर, एरोली, मुंबई) डॉ. सुनील केसवानी ने अपने संबोधन में स्किन बैंक के प्रति जनजागरूकता प्रयासों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता बताई। कार्यपालक निदेशक डॉ रविंद्रनाथ एम, ने इस व्याख्यानमाला को आज के समय की आवश्यकता बताते हुए ऐसे ज्ञानवर्धक, जनहितकारी एवं जागरूकता आधारित कार्यक्रमों के सतत आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। पहला सत्र नेत्र विशेषज्ञ डॉ. चित्रा सुनाव द्वारा लिया गया। जॉइंट डायरेक्टर, राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) डॉ. वरुण अग्रवाल ने अंगदान से संबंधित कानूनी प्रावधानों को विस्तार से समझाया। विभागाध्यक्ष (प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न विभाग, डीके सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर) प्रो. डॉ. दक्षेश शाह ने स्किन बैंक के संचालन एवं प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी। संचालन डॉ. अनिरुद्ध मेने एवं डॉ. जोयिता सरकार तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उदय कुमार ने प्रस्तुत किया। वरिष्ठ बर्न एवं प्लास्टिक सर्जन डॉ. मदन लाल जैन, डॉ. दीपक कोठारी, डॉ. विश्वामित्र दयाल सहित अनेक चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफउपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सफाई को लेकर पार्षद से मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 10 अगस्त।** दुर्ग में शौचालय की सफाई को लेकर बोलने पर कुछ युवकों ने निर्दलीय पार्षद ललित ढीमर के साथ मारपीट की है। शिकायत मिलने पर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड - 56 के पार्षद ललित ढीमर से दो लोगों ने मारपीट की है उनके वार्ड बघेरा के इंदिरा नगर में सुलभशौचालय है सुलभ शौचालय की सफाई को लेकर पार्षद ने बात कही तो गुलाबदास मानिकपुरी और मेहत्तर उर्फकोंदा उसके साथ विवाद करने लगे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर पार्षद की जमकर पिटाई कर दी।

घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम दुर्ग के पार्षद कोतवाली थाना पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेक को लेकर मांग करने पहुंचे मारने की धमकी देते हुए गाली आरोपियों ने पार्षद को जान से गलौज करते हुए मारपीट की पार्षद को काफी चोटें आई हैं। पार्षद की पिटाई करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों में भेज दिया है को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शिवनाथ नदी में डूबकर 2 युवकों की मौत, 48 घंटे के भीतर दो हादसे



**दुर्ग, 10 अगस्त।** जिले में पिछले दो दिनों के भीतर अलग-अलग हादसों में दो युवकों की शिवनाथ नदी में डूबकर मौत हो गई. पहली घटना सिरसा चौकी क्षेत्र के ग्राम सिरसा की है, जहां दोस्तों के साथ नहाने गया युवक तेज बहाव में बह गया. समोदा निवासी साहिल देशमुख की डूबने से मौत हो गई. सूचना मिलते ही दुर्ग एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक का शव बरामद किया.

दूसरी घटना में शिवनाथ नदी में मोहारा एनीकेट में प्रशान्त सोनी ( 35 साल) की नदी में डूबने से मौत ही गई. घटना के बाद से परिजनों में शोक का माहौल है. घटना की सूचना के बाद एसडीआरफ की टीम ने मशक्कत के बाद प्रशांत के शव को नदी से बाहर निकाल लिया.

**हादसों की वजह:** दरअसल कुछ दिनों से बारिश थम गई है, जिससे शिवनाथ नदी का जलस्तर कम हो रहा है. जिसे देखकर ग्रामीण और युवा नदी में नहाने पहुंचते है और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं.

### अमेरिका के टैरिफ वार का जवाब देने चेंबर ने चलाया स्वदेशी संकल्प अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा स्वदेशी संकल्प अभियान की शुरुआत की गयी । इसका मुख्य उद्देश्य अमेरिका द्वारा टैरिफ वार का जवाब देना है। चेंबर के पदाधिकारीयो ने विदेशी सामानों की होली जलाई और अमेरिका के खिलाफ नारे लगाए। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि विकसित भारत का आधार स्वदेशी बाजार है। मजबूत अर्थव्यवस्था देश की मजबूत रीढ़ होगी। जनजागरण अभियान के तहत लोगो को जागरूक किया जाएगा कि स्वदेशी क्या है और विदेशी समान कौन से है और विदेशी को देश हटाओ। भिलाई चेम्बर के अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि मेक इन इंडिया के उत्पादों को बढ़ावा दे ताकि देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत हो सके। विदेशी सामानों की होली जलाकर अमेरिका के टैरिफवार का विरोध किया गया है । पावर हाउस में विदेशी समान कोका कोला, चोकोलेट, जुते व अन्य सामान को बीच बाजार में जलाया गया। अभियान में मुख्य रूप से नरेश छाबड़ा, शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, अखराज ओस्तवाल, भूषण अग्रवाल, चित्रा राव, शिवराज शर्मा, प्रेम रतन गहलोत, विशाल छाबड़ा, राजीव गुप्ता, गोपी परप्यानी, अमर सोनकर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

## संत रामबालक दास एवं महंत रामस्वरूप दास का नगर आगमन



**अम्बागढ चौकी, 10 अगस्त।** पाटेश्वर धाम जामडीपाट के संत राम बालक दास महात्यागी एवं वैष्णो देवी मंदिर छत्रीबाग इंदौर के महंत रामस्वरूप दास अपने संत परिकर के संग आज *पवन गुप्ता नगर पंचायत उपाध्यक्ष के निवास में अनायास ही पधारे जहां संत जनो का स्वागत अभिनंदन भक्त जनो द्वारा किया गया, एवं नगर के सम्माननीय भक्त जन संत दर्शन का लाभ लिए, मुलाकात की ,एवं संत जनों से के मुखारविंद से शुभ संदेश आशीर्वाद प्राप्त किया , दर्शन लाभ लेने चित्रकूट धाम से पधारे प्राचीन हनुमान मंदिर आचार्य श्री महेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज भी पहुंचे , एवं श्री महावीर मंदिर न्यास के अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल एवं उपाध्यक्ष सिद्धू खंडेलवाल भी दर्शन व आशीर्वाद , पवन गुप्ता उपाध्यक्ष के निवास पहुंचकर प्राप्त किया ,संत श्री राम बालक दास महात्यागी ने पाटेश्वर धाम जामड़ी पाट में बन रहे कौशल्या धाम मंदिर जहां बाल राम लाल शिशु रूप में माता कौशल्या के गोद में विराजमान होंगे , जिसके भव्य स्वरूप की जानकारी दी,तीन मंजिला मंदिर होगा,जो 12करोड की लागत से होगा ,जहां सभी देव व गुरु व संतो का स्वरूप विराज मान होंगे,यह जानकारी उपस्थित नगर वासियों को दी ।

## सागर कुकरेजा रायपुर महानगर अध्यक्ष नियुक्त



**रायपुर, 10 अगस्त।** देश का प्रखर हिंदूवादी संगठन अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया जी के नेतृत्व में हिंदू ही आगे के धेय को लेकर पुरे देश में कार्य कर रहा है इसी धेय को आगे बढ़ाने के लिए आज छत्तीसगढ़ प्रदेश के संगठन मंत्री माननीय राहुल वाड़ीवा जी द्वारा राष्ट्रीय बजरंग दल रायपुर महानगर अध्यक्ष के रूप में श्री सागर कुकरेजा को नियुक्ति दी गई। जो अब सक्रिय रूप से पुरे रायपुर शहर में हिन्दू सुरक्षा के लिए कार्य करेंगे। संगठन आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 10 अगस्त।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 11,040 कीमत मूल्य का 92 पाव गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब जप्त किया गया है। साथ ही अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी वाहन भी जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों का किया जा रहा लगातार निरीक्षण



**राजनांदगांव 10 अगस्त 2025।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में खाद की अधिक दर बिक्री की शिकायतों के दृष्टिगत कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में संचालित निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को खाद-बीज की कालाबाजारी की आशंका को ध्यान में रखते हुए निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों की निगरानी करने के लिए कहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम द्वारा लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज कृषि विभाग की टीम के द्वारा ग्राम मोहड़ में कृषक श्री सुरेंद्र चंद्राकर के किराए के गोदाम में निरीक्षण किया गया। जहां मौके पर 146 बोरी यूरिया, 38 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट एवं 28 : 28 : 00 बोरी बरामद किया गया। इस दौरान गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। इन दौरान सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेंद्र कुमार अनंत, उर्वरक निरीक्षक श्रीमती रामशिला गौरकर, शाखा प्रभारी मिथिलेश साहू उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर मोहला में उमड़ा जनसैलाब

## सर्व आदिवासी समाज ने निकाली विशाल रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला, 10 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त 2025 को जिला मुख्यालय मोहला के गोंडवाना भवन में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सर्व आदिवासी समाज के छह से सात हजार लोग शामिल हुए। लोग अपने विशिष्ट परिधानों और सांस्कृतिक वेशभूषा में पहुंचे और हह्र द्वारा प्रस्तावित विश्व आदिवासी दिवस की महत्वता को समझा।

पूर्वजों की पूजा-अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद गोंडवाना भवन से विशाल रैली निकाली गई, जो बस स्टैंड में पहुंचकर लाल श्याम शाह महाराज की पूजा-अर्चना के बाद फौव्वारा चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। इस दौरान लोग आदिवासी पारंपरिक नृत्य करते हुए और गाना-बजाना करते हुए आगे बढ़े। रैली में अवैध धर्मांतरण बंद करो, स्थानीय भर्ती करनी होगी, भ्रष्टाचार बंद करो, पेसा कानून लागू करो, फर्जी जाति प्रमाण पत्र रद्द करो, फर्जी नौकरी करने वालों को वापस भगाओ, सामुदायिक वन संसाधन पत्रक देना होगा जैसे नारे गूंजते रहे। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर समाज के प्रतिनिधियों ने 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और चेतावनी दी कि यदि 15 अगस्त तक सामुदायिक वन अधिकार पत्रक नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। रैली और ज्ञापन के उपरांत पुनः कार्यक्रम स्थल गोंडवाना भवन में मंचीय कार्यक्रम और उद्बोधन हुए।

राजा लाल लक्ष्मेंद्र शाह (पानाबरस) ने अवैध धर्मांतरण और स्थानीय भर्ती में युवाओं की भागीदारी जैसे गंभीर मुद्दों पर अपनी बात रखी। जिला अध्यक्ष संजीत ठाकुर ने बताया कि हह्र द्वारा घोषित 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस 2006 से सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले मनाया जा रहा है और इस मंच के माध्यम से प्रशासन को क्षेत्र के मुद्दे और आदिवासी अधिकारों से संबंधित समस्याएं बताई जाती रही हैं।

## ममता नगर में सड़क एवं नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड विकास के लिए स्वीकृत राशि से वार्ड नं. 18 ममता नगर आनंद विहार कालोनी शहीद चौक के बाजू सीमेंट रोड एवं नाली निर्माण के लिए वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन के पश्चात वार्डो में विकास कार्य कराने शासन ने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि से राशि स्वीकृत किए।

ममता नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव सहित नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, वार्ड की पार्षद श्रीमती संगीता युधिष्ठिर देवांगन,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अशोक चौधरी, पूर्व पार्षद मुकेश बघेल ने पूजा अर्चना कर विधिवत गैती चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के केशव गुनांडे, गुलफान खान, अशोक



बागडे, रमाकांत श्रीवास्तव, ऋषि देवांगन, राकेश वर्मा, रसीद खान, लालेन्द्र कुमार पाण्डे, सुखविंदर सिंह सोरी,रविन्द्र शलारे, राजू खोपचे, अरविन्द नागवंशी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## बदबू से लोग परेशान, जांच करने पहुंचे अधिकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 10 अगस्त।** शिकायत पर पहुंचे जांच अधिकारी कल दिनांक कल शाम 4:00 बजे पर्यावरण विभाग के प्रवीण भारती तहसीलदार पटवारी सहित गोदाम में पहुंचे अधिकारी प्लांट पहुंचे जांच करने पर पता चला कि उक्त स्थान पर तेल की खाली और ब्रेड भोजन के रूप में छोटे-छोटे कीड़ों को अभनपुर से लाकर गोदाम में बड़ा करने में इनके भोजन और केमिकल केमिकल रूपीकुछ लिक्विड पेय पदार्थ भोजन के रूप में उपयोग कर उन कीड़ों को 9 दिन की प्रक्रिया में पूरा किया जाता है। छोटे-छोटे कीड़ों को 9 दिन की इस कठिन प्रक्रिया से बहुत अधिक वातावरण में बदबू फैलती है जिसका मुख्य रूप से ग्राम बहेसर ,सिरवे , रजिया बरतोरी कोनारी मैं हवा के रुख की ओर बहुत अधिक बदबू फैल जाती है। जांच अधिकारी जब उसे गोदाम में उपस्थित थे तो या देखने में आया कि अधिकारी भी अपने नाखून को दबाकर खड़े थे पूछने पर बताया गया की बदबू तो आ रही है लोगों को इससे परेशानी भी होती होगी। जांच में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट दो-चार दिन में उच्च कार्यालय और संबंधित शिकायतकर्ताओं को उपलब्ध करा दी जाएगी। मौके पर उपस्थित शिकायतकर्ताओं ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी किसी भी शर्ट में गांव वाले बदबू को बर्दाश्त नहीं करेंगे उक्त मौके पर पर्यावरण विभाग के अधिकारी प्रवीण भारती तहसीलदार राम प्रसाद बघेल पटवारी सिन्हा जी शिकायतकर्ता नरसिंह वर्मा जनपद सदस्य,बंसी यादव पत्रकार,मंटू यादव पत्रकार भागी वर्मा एवं दीपक वर्मा प्रचार प्रसार मंत्री तिल्दा शहर एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## उत्साह के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

### शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 10 अगस्त।** कलेक्टोरेट परिसर बलौदाबाजार में शनिवार को विश्वास आदिवासी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित समाज के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी, शहीद वीर नारायण सिंह, महात्मा गांधी एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। रक्षाबंधन का अवसर होने पर उपस्थित बहनो ने कलेक्टर व एसपी को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि मूल निवासी जिन्हे आदिवासी भी कहा जाता है अपनी प्रकृति प्रेम, रीति- रीवाज,परम्परा को बनाए रखा है। जल-जंगल -जमीन को बचाने में हमेशा आगे रहे है। वीर भूमि सोनाखान में हर वर्ष शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस मनाया जाता है। सोनोखान में पर्यटन एवं जनसुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वहीं कुर्रुपाठ को भी विकसित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि विशेष पिछडी जनाजाति बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार में पीएम जनमन योजना अंतर्गत अधिकांश योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। यहां बॉस शिल्प के माध्यम से आजीविका के साधन उपलब्ध कराने बांस शिल्प का प्रशिक्षण दिलवाया जाएग। बार नावापारा अभयारण्य में जंगल सफारी के लिए युवाओ को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया गया है। आयुर्वेदिक उपचार पद्धति को बढ़ावा देने और आदिवासी स्वास्थ्य पारम्परा को जीवित रखने आयुर्वेदिक केंद्र भी खोला जाएगा। जिले में सभी समुदाय के सहयोग से विकास कार्य को गति देने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि यूएनओ ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में घोषित किया है ताकि आदिवासी संस्कृतिक को पूरा विश्व जाने। यह समाज अपनी कला, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को विश्व में पहुंचाया है।जल-जंगल और जमीन को बचाने कई आंदोलन भी किया है। कार्यक्रम को कमलेश मण्डावी, भूपेंद्र ध्रुववंशी एवं राधा ध्रुव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, डीएसपी निधि नाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरज दास मानिकपुरी सहित सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी सदस्य व बड़ी संख्या में सामाज के लोग उपस्थित थे।

## बीटीओए के चुनाव में कामधेनु छाप को मिल रहा समर्थन




**किरंदुल, 10 अगस्त।** बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन (बीटीओए) के वार्षिक चुनाव में मनोज सिंह पैनल को चुनाव चिन्ह के रूप में कामधेनु छाप (गाय-बछड़ा) आवंटित किया गया है।

इस शुभ प्रतीक को पाकर पैनल में उत्साह और ऊर्जा की लहर दौड़ गई है।गाय-बछड़ा भारतीय संस्कृति में समृद्धि, सेवा और विश्वास का प्रतीक मानी जाती है, और यही संदेश लेकर मनोज सिंह पैनल अब जनसमर्थन के साथ अपनी जीत की ओर बढ़ रहा है। पैनल के सभी प्रत्याशियों ने चुनाव चिन्ह प्राप्त होते ही इसे आस्था और सेवा का प्रतीक बताया और कहा कि जैसे कामधेनु सबकी कामनाओं को पूर्ण करती है, वैसे ही यह पैनल यूनियन के हर सदस्य की समस्याओं का समाधान और सम्मान सुनिश्चित करेगा।

अध्यक्ष पद के लिए मनोज सिंह, सचिव पद के लिए बिप्लव मल्लीक, उपाध्यक्ष रोहित साहू, कोषाध्यक्ष गुनवित सिंह, सह-सचिव विश्वजीत सरकार (पिंकु), सह-सचिव इमरान खान (बाबू) तथा विजयंत सिंह गौतम (वीरू) है सभी सदस्य समर्थन जुटाने के लिए लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए हैं।

मनोज सिंह ने कहा कि कामधेनु छाप केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि एक वचन है ङ्क ÷हर सदस्य के सम्मान, हित और अधिकार की रक्षा का।÷ यूनियन के सशक्त नेतृत्व के लिए पूरे पैनल को भरपूर समर्थन मिल रहा है, और 13 अगस्त को होने वाले मतदान में ऐतिहासिक जीत की उम्मीद जताई जा रही है। जनसंपर्क के दौरान पैनल के सदस्य घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद कर रहे हैं, आशीर्वाद ले रहे हैं और कामधेनु छाप को याद रखकर मतदान की अपील कर रहे हैं। इस बार के चुनाव में मतदाता संख्या 995 है, और जैसे-जैसे मतदान की तारीख पास आ रही है, पैनल की लोकप्रियता और बढ़ती जा रही है।कामधेनु छाप-सेवा, समर्पण और सफलता का प्रतीक बनकर उभरा है।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने अधिकारियों-कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी, 10 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र नगरी में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सच्चे प्रेम, विश्वास, सौहार्द्र का प्रतीक रक्षा सूत्र सभी भाई बहनों के कलाई पर बांधा तथा सभी को ईश्वरीय संदेश देते हुए रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही विभिन्न संस्थाओं में पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारी को रक्षा सूत्र बांधा इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी बहन ने परम पिता परमात्मा का परिचय देकर रक्षाबंधन की बधाई देते हुए ईश्वरीय सौगात भेंट की। जिसमें मुख्य रूप से सुश्री प्रीति दुर्गम जी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी, रजिस्टार उपाध्याय मैडम रोहित कुमार बोरझा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी, शिवशंकर नाविक उपमंडलाधिकारी अधिकारी फॉरेस्ट कली राम साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी, श्रीमती माहेश्वरी ध्रुव सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, ए.एल. बनपेला पेंशनर समाज संरक्षक एवं समस्त स्टाफ एसडीओपी कार्यालय में पांडे जी पुलिस अधिकारी एवं समस्त स्टाफ





थाना नगरी में टी.आई. चक्रधर बाघ एवं समस्त स्टाफ सिहावा टीआई श्री एल.आर. ठाकुर सम्मिलित रहे।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल को बहनों ने बांधी राखी



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल को बहनों ने राखी बांधी। सांसद अग्रवाल ने कहा, रिश्तों की डोर, स्नेह का बंधन और विश्वास की अनंत कहानी, यही है रक्षाबंधन! आज परिवार के साथ इस पावन पर्व को मनाने का सौभाग्य मिला। बहनों के हाथों से बंधी राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि जीवनभर के स्नेह, सुरक्षा और साथ निभाने के वचन का प्रतीक है। यह पर्व हमें पारिवारिक मूल्यों, त्याग और प्रेम की उस परंपरा की याद दिलाता है, जो हमें और मजबूती से जोड़ती है। आप सभी को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ।

## तिल्दा नेवरा का औद्योगिक क्षेत्र बना लूट का अड्डा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 10 अगस्त।** तिल्दा नेवरा में पिछले दस वर्षों में उद्योगों की बाढ़ सी आ गई है इस कारण तिल्दा नेवरा अंचल शांति प्रिय है और यहां जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र के विकास के बजाय अपने विकास की अधिक चिंता होती है। ग्रामीण अंचलों में ग्रामीण जन प्रति निधि उद्योग पतियों से इस कदर झुक जाते है जैसे कोई महाराज के आगे झुक जाते है । नहीं तो प्रशासन का डंडा इन को राइट कर देता है और ऐसा हुआ भी है। ब्लाक के नजदीक वाले एक संयंत्र मिलेनियम हाई टेक है जो तिल्दा नेवरा अंचल से लगा है इस संयंत्र की धूल और धुवां के साथ सड़को की जजर्र हालत किसी से छुपी नहीं है। तिल्दा नेवरा में स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार पर्यावरण में इस संयंत्र की कोई रुचि नहीं है।

**अंचल के युवकों का शोषण**

इस संयंत्र में सैकड़ों युवा वर्ग से श्रमिक सहित ऑफिस कार्य में 12घंटे ड्यूटी ली जाती है शिक्षित बेरोजगारों को अपमानित करना इस संयंत्र में आए दिन घटना होती है अंचल के युवा वर्ग को नौकरी के नाम से ठेकेदारों के अधीनस्थ रखा जा रहा है

आठ घंटे ड्यूटी के बजाय 12घंटे कार्य करवाया जाता है सरकारी दर से पेमेंट तक नहीं मिलता अगर कोई कर्मचारी विरोध करता है उसे कार्य से निकाल दिया जाता है। इस कारण ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को प्रति माह मोटी रकम दी जाती है और श्रमिकों का शोषण निरंतर जारी है जान कर सूत्रों ने बताया कि प्लांट में स्वास्थ्य सेफ्टी जैसे कोई इंतजाम नहीं है कोयले की धुवां ओर प्रदूषण के लिए कोई खास उपाय नहीं है नहीं कर्मचारियों का स्वास्थ्य चैकप किया जाता अगर श्रमिक के लिए सेफ्टी जैसे उपाय नहीं है तो क्या हर माह पर्यावरण विभाग द्वारा जन सुनाई की कागजी कार्यवाही फर्जी तरीके से सम्पन्न होना आम बात है।

## जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**बीजापुर 10 अगस्त।** 5 अगस्त 2025 से 7 अगस्त 2025 तक पीरामल फाउंडेशन एवं मास्टर ट्रेनर्स, ज़िला अंकेक्षण, सहा. आंत. लेखा परी. एवं करारोपण, ज़िला संकाय सदस्य, ज़िला समन्वयक, मनरेगा, महिला एवं बाल विकास, सहायक अभियंता, सहायक संचालक कृषि, ग्रामीण यान्त्रिकी सेवा विभाग, राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख शाखा आदि विभागों द्वारा नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों का तीन दिवसीय आधारभूत अभिमुखीकरण प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पंचायती राज अधिनियम, पेसा कानुन, एलएसडीजी थीम सहित मुख्य विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस साहू भवन में मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंबागढ़ चौकी, 10 अगस्त।** स्थित साहू भवन में 11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस गरिमामय अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह,नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता,व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती योगमाया साहू,गयादास साहू विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य पारंपरिक हथकरघा उद्योग के महत्व को रेखांकित करना और स्थानीय बुनकरों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर हथकरघा से जुड़े शिल्पकारों, बुनकरों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव शाह पूर्व विधायक पूर्व संसदीय सचिव ने कहा की आज 11 वा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह के अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्म निर्भर भारत, मेक इन इंडिया के अंर्तगत जिले में पहली बार अंबागढ़ चौकी के साहू धर्मशाला में जिला स्तरीय राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें किस प्रकार कार्य किया जाता है के संबद्ध में नई नई जानकारी प्राप्त हुई जो मेरे लिए अत्यंत सुखद का अनुभव रहा। जिले में हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देना निश्चित ही रोजगार के अवसर को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रकार के उद्योगों की स्थापना हमारे वनांचल क्षेत्र के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

अपने उद्बोधन में श्रीमती नम्रता सिंह ने कहा भारत की संस्कृति और आत्मनिर्भरता की पहचान यदि किसी एक उद्योग से होती है, तो वह है हथकरघा उद्योग। यह न केवल देश की समृद्ध विरासत का प्रतीक है, बल्कि लाखों परिवारों के जीवनयापन का आधार भी है।

उन्होंने आगे कहा कि ÷आज जरूरत इस बात की है कि हम सभी 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को मजबूत करते हुए स्थानीय हथकरघा उत्पादों को प्राथमिकता दें और बुनकरों को सम्मान के साथ पहचान दिलाएं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा जब से भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से भारत को आत्मनिर्भर बनाने पूरी शक्ति लगाई है,इसी के तहत 1947 मे आज के दिन विदेशी वस्तु के बहिष्कार कर महात्मा गांधी ने होली जलाई।

## कबाड़ से जुगाड़ के तहत स्वच्छता दीदीयों ने पुराने सामान से किया कलात्मक वस्तुओं का निर्माण

**राजनांदगांव 10 अगस्त।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत शासन द्वारा 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान 2025 का आयोजन करने दिये गये निर्देश के अनुक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में रूप रेखा तैयार की गयी है, जिसके तहत शासन निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र में चौक, चौराहो, धार्मिक स्थल में सफाई अभियान, एसएलआरएम सेन्टर में एकत्रित हुए अपशिष्ट के माध्यम से कबाड से जुगाड/आर.आर.आर. के सिद्धांत पर कलाकृति सजावटी एवं अन्य उपयोगी वस्तुओ का निर्माण स्वच्छता दीदीयो के माध्यम से करते हुए प्रतियोगिता आयोजित करना, नुक्कड नाटक, स्कुल-कालेज के विद्यार्थियों को आयोजन से जोडने स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिको को जोडने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता अभियान 2025 अभियान के तहत शीतला मंदिर एवं बुढ़ा सागर के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया, वही जहॉ एक ओर आज एसएलआरएम की स्वच्छता दीदीयो ने पुनः उपयोग किये जाने वाली वस्तुओ से कलात्मक वस्तुओ का निर्माण किया, दूसरी ओर ठा.प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों में स्वच्छता का संदेश देने 6 अगस्त को चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी तथा 7 अगस्त को सफाई संबंधी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।






# 'अबीर गुलाल' की रिलीज डेट आई सामने !

वाणी कपूर और पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यह फिल्म काफी पहले भारत में रिलीज होने वाली थी लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हमले की वजह से इसकी रिलीज टल गई थी। यह फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। बिज एशिया लाइव की रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म इसी महीने दुनिया भर में रिलीज होगी। हाल ही में दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' को पूरी दुनिया में रिलीज किया गया है। हालांकि यह फिल्म भारत में नहीं रिलीज हुई है। 'अबीर गुलाल' के मेकर्स भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि फिल्म 'अबीर गुलाल' को अगस्त के आखिर में पूरी दुनिया में रिलीज किया जाएगा। हो सकता है कि यह फिल्म भारत में न रिलीज की जाए। रिपोर्ट के मुताबिक 'अबीर गुलाल' दुनिया भर में 29 अगस्त को रिलीज होगी। खबर यह भी है कि फिल्म का नाम बदल दिया जाएगा। अभी इस फिल्म का नाम 'Abir Gulaal' है, लेकिन इस फिल्म का नाम बदलकर 'Aabeer Gulaal' कर दिया जाएगा। फिल्म में वाणी कपूर के साथ पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान हैं। इसका निर्देशन आर्ती एस बागड़ी ने किया है। दरअसल, इसी साल अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम में कुछ आतंकियों ने भारत के पर्यटकों पर हमला कर दिया था। इस हमले में लगभग 26 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग जख्मी हो गए थे। इसके बाद पूरे देश में गम व गुस्से की लहर दौड़ गई थी। लोगों ने कथित तौर पर पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान का बहिष्कार किया था। लोगों का कहना था कि पाकिस्तानी आतंकी भारत में हमला करते हैं ऐसे में यहां उनकी फिल्म का बहिष्कार होना चाहिए। इसलिए फिल्म की रिलीज टल गई थी।

# 'सैयारा' की सक्सेस पार्टी में मस्ती करते दिखे अहान-अनीत



अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रखा है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब अपनी रिलीज के 24 दिन बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छे नंबर हासिल कर रही है। दुनिया भर में 500 करोड़ और भारत में 300 करोड़ से ऊपर कमाई करने वाली फिल्म की सक्सेस पार्टी की गई। जिसमें फिल्म के मुख्य कलाकारों के साथ निर्देशक मोहित सूरी भी मस्ती करते नजर आए। सोशल मीडिया पर 'सैयारा' की सक्सेस पार्टी के कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं। इन वीडियोज में फिल्म के मुख्य कलाकार अनीत पड्डा और अहान पांडे नजर आ रहे हैं। साथ ही फिल्म के निर्देशक मोहित सूरी भी इन वीडियोज में काफी चिल अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। एक वीडियो में मोहित सूरी केक काट रहे हैं, जबकि अहान और अनीत किसी से गले मिल रहे हैं। बैकग्राउंड में सभी लोग 'सैयारा' का टाइटल ट्रैक तेज आवाज में गा रहे हैं। वहीं एक और वीडियो सामने आया है, इसमें अहान और अनीत मस्ती करते और आपस में कुछ गुफ्तगू करते नजर आ रहे हैं। साथ में मोहित सूरी भी खड़े हैं। इस दौरान सभी लोग मोहित सूरी से कुछ बोलने और एक गाना सुनाने की मांग करते हैं।



# कंतारा चैप्टर 1 से रुक्मिणी वसंत का फर्स्ट लुक हुआ आउट

होम्बले फिल्म्स ने वरमहालक्ष्मी महोत्सव के पावन अवसर पर कांतारा चैप्टर 1 के फैंस को एक तोहफा दिया है. मेकर्स ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस के किरदार का फर्स्ट लुक जारी करते हुए फैंस को उनसे रूबरू कराया है. ऋषभ शेट्टी की लिखित और निर्देशित यह फिल्म 2022 की ब्लॉकबस्टर कांतारा का प्रीक्वल है. यह एक ऐसी फिल्म है, जिसने जमीनी स्तर की कहानी कहने की कला को नई परिभाषा दी और दुनिया भर के दर्शकों और आलोचकों से प्रशंसा अर्जित की है.इस साल की शुरुआत में, मेकर्स ने ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन पर उनका पहला लुक जारी किया था, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था. इसके बाद, रैप-अप वीडियो ने फैंस के बीच उत्साह और उत्सुकता को और बढ़ा दिया. फैंस फिल्म के अपडेट के बारे में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच, मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर खुलासा किया कि उनकी फिल्म में रुक्मिणी वसंत लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी.

मेकर्स ने रुक्मिणी का फर्स्ट लुक जारी किया. उन्होंने रुक्मिणी को कनकवती के किरदार में पेश किया है. उनका ये किरदार लोगों को काफी पसंद आया है. पोस्टर में, रुक्मिणी ने हरे और लाल रंग की साड़ी के साथ भारी आभूषण पहने नजर आ रही हैं. वह एक महल के अंदर खड़ी होकर मुस्कुरा रही हैं. इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने हिंदी, अंग्रेजी समेत अन्य भाषाओं में लिखा है, कनकवती का परिचय आपके लिए.



पिछले महीने, होम्बेल फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के एक नए पोस्टर के साथ फिल्म के समापन का एलान किया. मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, रैप अप. सफर शुरू होता है. प्रस्तुत है कांतारा की दुनिया. इसके निर्माण की एक झलक. कांतारा चैप्टर 1 एक दिव्य यात्रा रही है, जो हमारी संस्कृति में गहराई से निहित है, और जिसे अटूट समर्पण, अथक परिश्रम और अद्भुत टीम भावना से जीवंत किया गया है. 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आप सभी को देखने का बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि यह पौराणिक कहानी दुनिया भर के बड़े पर्दे पर दिखाई देगी.

कांतारा: चैप्टर 1 कर्नाटक के कदंब काल पर आधारित है. कदंब कर्नाटक के कुछ हिस्सों के महत्वपूर्ण शासक थे और उन्होंने इस क्षेत्र की वास्तुकला और संस्कृति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उस काल को भारतीय इतिहास का स्वर्णिम काल माना जाता है. ऋषभ शेट्टी न केवल कांतारा के लीड एक्टर हैं, बल्कि फिल्म के निर्देशक और लेखक भी हैं. 2023 में शेट्टी ने एलान किया था कि दर्शकों ने जो देखा वह वास्तव में पार्ट 2 था और इसलिए, आगे जो रिलीज होगा वह कंतारा का प्रीक्वल होगा. फिलहाल, कंतारा चैप्टर 1 दुनिया भर में 2 अक्टूबर, 2025 को कन्नड़, तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम, बंगाली और अंग्रेजी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.

# अक्षय कुमार की जॉली एलएलबी 3 का आधिकारिक ऐलान, 12 अगस्त को रिलीज होगा टीजर

अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला की अभिनीत कॉमेडी ड्रामा जॉली एलएलबी 3 लोगों को गुदगुदाने के लिए तैयार है. यह फिल्म सितंबर 2025 को बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है. फैंस की उत्साह बढ़ाने के लिए मेकर्स ने जॉली एलएलबी 3 के आधिकारिक तौर पर टीजर के रिलीज डेट का एलान किया है. उन्होंने इसे बेहद मजेदार अंदाज में किया है.

जॉली एलएलबी 3 बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है. तीसरी किस्त में अरशद वारसी जॉली 1 और अक्षय कुमार जॉली 2 की भूमिका में नजर आएंगे. फैंस का ध्यान फिल्म की ओर खींचने के लिए मेकर्स ने गुरुवार को सौरभ शुक्ला के मजेदार वीडियो के साथ फिल्म के टीजर की रिलीज डेट का एलान किया है. वीडियो में जज त्रिपाठी, सौरभ शुक्ला द्वारा अभिनीत, जगदीश त्यागी और जगदीश मिश्रा को फिर से पेश करते दिखें. वह उन दोनों का परिचय देते हुए बताते हैं कि उन्हें उनसे कैसे निपटना पड़ा.

मेकर्स ने सौरभ शुक्ला का वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोट किया है और कैप्शन में लिखा है, इस बार दो दो जॉली एक साथ. कोर्ट में होगी अव्यवस्था. जॉली एलएलबी 3 मुझे जज मत करो. सुभाष कपूर की निर्देशित फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर 12 अगस्त को रिलीज होगा और यह फिल्म 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

टीजर का एलान सौरभ शुक्ला के एक मजेदार वीडियो के साथ किया गया है, जो फिल्म में जस्टिस सुंदरलाल त्रिपाठी का किरदार निभा रहे हैं. वह सभी को याद दिलाते हैं कि दो जॉली के आने और उन्हें परेशान करने से पहले उनकी जिंदगी कैसी थी और उनके आने के बाद कैसी हो गई है.

वीडियो में, जज त्रिपाठी दोनों जॉली के साथ अपने पिछले अनुभवों के बारे में बात करते हुए अपना धैर्य खोते हुए दिखाई दे रहे हैं. वह शुरुआत में याद करते हैं कि जगदीश त्यागी (जॉली 1) के आने से पहले उनकी जिंदगी कितनी शांतिपूर्ण थी. वह कहते हैं कि त्यागी के गुस्सैल स्वभाव और कमजोर अंग्रेजी के कारण उनकी नींद उड़ गई थी और लगभग उनकी जान चली गई थी.




फिर आते हैं जॉली 2 - जगदीश मिश्रा, जिन्हें त्रिपाठी जरूरत से ज्यादा आज्ञाकारी कहते हैं. वह मजाक में कहते हैं कि मिश्रा भले ही मीठे हों, लेकिन इतने मीठे कि आपको डायबिटीज हो जाए, और दावा करते हैं कि मिश्रा की हरकतों से उनकी पत्नी को हार्ट अटैक आया था. अब जब दोनों जॉली जॉली एलएलबी 3 में वापसी कर रहे हैं, तो जज त्रिपाठी चेतावनी देते हैं कि इस बार वह उनके कोर्टरूम ड्रामा को बर्दाश्त नहीं करेंगे.

इस वीडियो पर अक्षय कुमार का रिएक्शन आया है. खिलाड़ी कुमार ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा करते हुए लिखा है, जनाब, जितनी बार आप गुस्सा होते हैं न, उतनी बार हमको लगता है कि केस जीतने के चांस बढ़ गए हैं. वैसे आपको जॉली मिश्रा का सादर प्रणाम. वहीं, अरशद वारसी ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, आप हमे भूले नहीं जनाब. दिल खुश हो गया. आप जैसे जज ब्लशिंग करने वाले हैं.

मेकर्स ने यह भी पुष्टि की है कि अक्षय, अरशद और सौरभ शुक्ला के अलावा, फिल्म में हुमा कुरैशी और अमृता राव भी नजर आएंगी, जो पिछली फिल्मों की अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगी, और उनके साथ गजराज राव भी होंगे.

# सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म जटाधरा का टीजर रिलीज

सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की बहुप्रतीक्षित फिल्म जटाधरा का टीजर निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। फिल्म के टीजर में सोनाक्षी सिन्हा रौद्र अवतार में नजर आ रही हैं, जिसमें उनका दमदार अंदाज दिख रहा है। सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म 'जटाधरा' का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था। अब मेकर्स ने इस फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। टीजर में एक्ट्रेस ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है, जिसमें उन्हें दमदार और रौद्र अवतार में देखा जा सकता है।




अभिनेत्री माथे पर लाल तिलक लगाए, भारी-भरकम गहने पहने हुए और हाथ में तलवार लिए दिख रही है। साथ ही वह क्रोध में अपने दुश्मनों पर हमला करती नजर आ रही हैं। इसके अलावा फिल्म में अभिनेता सुधीर बाबू के लुक को दमदार तरीके से प्रदर्शित किया गया है। टीजर में अभिनेता शिव भक्त के रूप में नजर आ रहे हैं। सुधीर बाबू गले में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिख रहे हैं। इसके साथ ही वह त्रिशूल लेकर सोनाक्षी सिन्हा के किरदार से युद्ध करते नजर आ रहे हैं। फिल्म जटाधरा एक पौराणिक थ्रिलर है, जिसमें भारतीय पौराणिक कथाओं को रोमांचक दृश्यों और डार्क फैंटेसी के साथ जोड़ा गया है। फिल्म के पोस्टर और टीजर में देखा गया कि त्रिशूल, गरजते बादल, भगवान शिव के भक्त और सोनाक्षी सिन्हा का रौद्र रूप दिखाई दे रहा है, जो कहानी को और दमदार और प्रभावशाली बनाता है। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शानदार वीएफएक्स देखने को मिल सकता है। यह फिल्म साल के आखिर में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



बच्चन परिवार के तीनों सदस्य जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकले तो पैपराजी ने उनकी तस्वीरें और वीडियो ली। सभी ने यात्रा करने वाले बेहतरीन ड्रेस पहने थे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने सामान खुद लेकर जा रहे थे। बाहर निकलने के बाद उनके सामान को उनके सुरक्षा गार्ड ने लिए।

# द पैराडाइज से अभिनेता नानी की पहली झलक आई सामने, दिखा धांसू अवतार

नानी की नई आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म द पैराडाइज से उनके किरदार का लुक जारी किया गया है। जिसमें उनका अनोखा अंदाज फैंस को भी हैरान कर रहा है। इस फिल्म में उनके किरदार का नाम है जदाल। तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म द पैराडाइज का निर्देशन श्रीकांत ओडेला ने किया है, जिन्होंने पहले नानी के साथ फिल्म दशहरा में साथ काम किया है। नानी फिल्म द पैराडाइज में जदाल नाम के किरदार में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने एक्स हैंडल पर नानी की एक शानदार तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, इसका नाम जदाल.... इस लुक में नानी घनी दाढ़ी, लंबी मूंछें और दो चोटियों में खतरनाक अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो काफी साहसिक और अलग है। निर्माताओं ने इस किरदार को बेबाकी से पेश किया है। आंखों पर काला चश्मा और गले में ब्लैक सिल्वर ज्वैलरी में नानी का लुक फैंस को हैरान कर रहा है। नानी को जदाल के लुक में देखने के बाद फैंस ने भी जमकर अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। एक फैन ने लिखा, क्या यह लुक किसी फिल्म या किरदार से प्रेरित है, एक और फैन ने लिखा, जदाल...आधुनिक लुक और चोटियों से हैरान हूं...

# 'अगर सुनीता नहीं थीं, तो गोली किसने मारी ?'

मुंबई। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के लेटेस्ट एपिसोड में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी, हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम पहुंचे। शो के दौरान कपिल शर्मा ने उस वक्त को याद किया कि जब गोविंदा को पैर में गोली लगी थी और शिल्पा शेट्टी उनसे मिलने गई थीं। कपलि ने बताया कि शिल्पा जब गोविंदा से मिलने गई थीं तो उन्होंने गोविंदा से पूछा था कि अगर सुनीता घर पर नहीं थीं तो उन्हें गोली किसने मारी। पिछले साल अक्टूबर के महीने में गोविंदा को उनकी गलती की वजह से पैर में गोली लगी थी। उस दौरान शिल्पा शेट्टी उनसे मिलने गई थीं। कपिल शर्मा ने कहा कि गोविंदा ने उनके पिछले सीजन में बताया था कि जब आप उनसे मिलने पहुंची थीं तो उन्होंने पूछा था कि अगर सुनीता घर पर नहीं थीं तो उन्हें गोली किसने मारी। कपिल ने वो वीडियो प्ले किया जिसमें वो बता रहे थे, "जब शिल्पा मुझे देखने आई थीं। उन्होंने मुझे पूछा था कि मुझे चोट कैसे लगी और सुनीता कहां थीं? मैंने कहा सुनीता मंदिर गई थीं। . तो उन्होंने मुझसे पूछा फिर गोली मारी किसने?" वीडियो देखने के बाद शिल्पा शेट्टी जोर से हंसने लगीं और कहा कि सिर्फ मैं ही ये पूछ सकती हूं। इसके बाद, कपिल शर्मा ने शिल्पा से पूछा कि उन्हें क्यों लगता है कि आदमी के लिए असली खतरा उसकी पत्नी होती है। इसपर शिल्पा ने कहा, "कभी-कभी आदमी ताकवर पोजिशन में होते हैं और दुनिया उनसे डरती है। लेकिन वो आदनी सिर्फ अपनी पत्नी से डरता है। एक आदमी की आंखें शादी करने के बाद ही खुलती हैं।"



## एक नजर

### केन्द्रीय छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शुरू

**सुकमा, 10 अगस्त।** कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए केन्द्र प्रवर्तित छात्रवृत्ति (सीएसएस) योजना के तहत पंजीयन एवं सत्यापन कार्य प्रारंभ हो गया है। राज्य कार्यालय द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल 4 अगस्त 2025 से विद्यार्थियों के नवीनीकरण व सत्यापन हेतु उपलब्ध करा दिया गया है। इस संबंध में विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विद्यालयों को पहले जियो टैगिंग, कक्षावार एवं जातिवार सारांश प्रतिवेदन (निर्धारित प्रारूप) तथा एनएसपी से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करना होगा। इसके बाद ही विद्यार्थी अपने लॉगिन से नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। विद्यार्थी पंजीकृत कोड/मोबाइल नंबर और जन्मतिथि का उपयोग कर पोर्टल पर लॉगिन कर पाएंगे। सीएसएस योजना के विद्यार्थियों के लिए ओटीआर नंबर अनिवार्य है। यदि ओटीआर नंबर पूर्व में विद्यालय लॉगिन से भरकर सत्यापित हो चुका है, तो विद्यार्थी लॉगिन में यह जानकारी स्वतः उपलब्ध होगी, अन्यथा इसे दर्ज करना होगा। ओटीआर नंबर भरते समय विद्यार्थी का नाम, जन्मतिथि, लिंग और आधार नंबर ओटीआर से मेल खाना जरूरी है। साथ ही, विद्यार्थी लॉगिन पर अपार आईडी पंजीयन का वैकल्पिक प्रावधान भी उपलब्ध है। निर्धारित पात्रता के अनुसार सभी विद्यार्थियों का पंजीयन और सत्यापन कार्य 10 सितंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा।

### सेजेस में संविदा भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 3 सितंबर से

**बलौदाबाजार, 10 अगस्त।** जिले में संचालित 16 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अग्रेजी माध्यम विद्यालय(सेजेस) में रिक्त 88 पदों पर संविदा भर्ती प्रक्रिया में दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित समस्त विषयों एवं पदों के अभ्यार्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु 3, 4 एवं 5 सितम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक पं.चक्रपाणी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर बलौदाबाजार में निर्धारित किया गया है।सत्यापन हेतु अभ्यर्थी को मूल दस्तावेज के साथ आवेदित प्रत्येक पद के लिए समस्त दस्तावेजो का 1 सेट छायाप्रति स्व हस्ताक्षरित साथ लेकर आना होगा।दस्तावेज सत्यापन के लिए निर्धारित तिथि के पश्चात अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

### गाली-गलौज, मारपीट कर पैसे की मांग, आरोपी गिरफ्तार




**राजनांदगांव, 10 अगस्त।** महिन्द्रा जितो वाहन क्रमांक सी0जी0/08/ए0यू0/8147 से जालबांधा से लावा मिर्ची भरकर राजनांदगांव मंडी लगभग 06:30 बजे सब्जी मंडी राजनांदगांव गेट के पास पहुँचा था, तो गेट के सामने विधि के विरूद्व संघर्षरत् बालक एवं उसके अन्य 03 साथी गंज मंडी के गेट के पास खडे थे। तब यह अपने वाहन का हार्न बजाया तो तुषार एवं उसके तीनो साथी लोग इसके वाहन के पास आकर इसके वाहन के सामने के कांच को हाथ मुक्का से मारने लगा। जिससे इसके गाडी कांच टूट गया। उसके बाद यह गाडी को बंद कर दिया तो चारो लोग इसके सामने आकर इसे पैसे की मांग करने लगा तथा नही देने पर अपने पास रखे लोहे के धारदार चाकू को निकालकर इसके उपर टिकाकर व लहराते हुए डराते धमकाने लगे व सभी एक राय होकर इसे अश्लील गाली गुप्तार कर हाथ मुक्का से मारपीट कर विधि के विरूद्ध संघर्षरत इसके दाहिने हाथ की कलाई को अपने दांतो से कांट दिया। रिपोर्ट पर आर्म्स एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपीगणो की पतसाजी हेतु पृथक टीम गठित कर आरोपीगणो की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी। कि आरोपी 01. हर्ष कुमार साहू पिता स्व0 रामचंद साहू उम्र 25 साल 02. राहुल कंवर पिता स्व0 रामकुमार कंवर उम्र 19 साल 03. सावंत यादव पिता सुभाष यादव उम्र 20 साल 04. विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी हर्ष यादव के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपीगण एवं विधि के विरूद्व संघर्षरत् बालक को विधिवत् गिरफ्तार किया।

# रक्षाबंधन पर ड्यूटी निभा रहीं बहनों का 'ब्लड मैन' ने बढ़ाया मान

## पुलिसकर्मियों और महिला स्वास्थ्यकर्मी बहनों से बंधवाई राखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 10 अगस्त।** त्यौहार आते ही घरों में सजावट, बाजारों में रौनक और रिश्तों में मिठास घुल जाती है। रक्षाबंधन पर तो भाई-बहन के रिश्ते की डोर और भी मजबूत हो जाती है। लेकिन बीजापुर में इस बार का रक्षाबंधन कुछ अलग ही तस्वीर लेकर आया। यहां कोतवाली थाना और जिला अस्पताल में महिला पुलिसकर्मी और महिला स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने कर्तव्य की डोर से बंधी रहीं। इन बहनों ने अपने घर जाकर भाइयों को राखी बांधने का मौका त्याग दिया, क्योंकि उनके लिए मरीजों की देखभाल और शहर की सुरक्षा सबसे पहले थी। इस त्याग और सेवा भावना को सलाम करते हुए समाजसेवी और ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेन्द्र कुमार गांधी उर्फराजू गांधी ने रक्षाबंधन का त्यौहार उनके बीच जाकर मनाया।

राजू गांधी मिठाई, उपहार और मुस्कान लेकर सीधे कोतवाली और जिला अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों और महिला स्वास्थ्यकर्मी बहनों से राखी बंधवाई और बदले में उपहार भेंट कर उनका मनोबल भी बढ़ाया। इससे माहौल भावुक भी हुआ और खुशियों से भी भर गया। महिला पुलिसकर्मियों ने मुस्कुराते हुए कहा आज भाई घर से दूर हैं, लेकिन ड्यूटी पर एक और भाई मिल गया। वहीं अस्पताल के वार्डों में भी यह खुशी पहुंची। मरीजों और उनके परिजनों ने इस दृश्य को देखकर कहा रिश्ते सिर्फ खून से नहीं, सेवा और त्याग से भी बनते हैं।

राजू गांधी का समाजसेवा का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं। समाजसेवा की प्रेरणा उन्हें मारुति कापेवार जी ( सेवा निवृत्त शिक्षक) से मिली, जिन्होंने उन्हें सिखाया कि जरूरतमंद की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है। वहीं रक्तदान की प्रेरणा उन्हें डॉ. बी.एल. शर्मा जी से मिली, जिन्होंने उन्हें जीवन बचाने के लिए रक्तदान की अहमियत समझाई।

आज वे खुद 26 बार रक्तदान कर चुके हैं और 13,000 से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर चुके हैं। राज्यपाल से सम्मान पा चुके हैं और जिला व पुलिस प्रशासन भी उन्हें स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे अवसरों पर कई बार सम्मानित करता रहा है।

रक्तदान शिविरों में सक्रिय भागीदारी, गरीबों की मदद, और जरूरतमंदों के लिए हर वक्त तैयार रहना यही है 'ब्लड मैन' राजू गांधी की पहचान। वे सिर्फ खून ही नहीं देते, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशी और उम्मीद भी भरते हैं। रक्षाबंधन के इस मौके पर उनकी पहल सिर्फएक सोच नहीं, बल्कि एक संदेश है। त्यौहार का असली आनंद केवल अपने परिवार के साथ नहीं, बल्कि उन तक भी पहुंचाना चाहिए, जो अपने कर्तव्य के कारण त्यौहार से दूर रह जाते हैं।

# शहीद भाइयों की मूर्तियों पर हर साल बांधती हैं प्रेम के धागे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 10 अगस्त।** माओवाद प्रभावित सुकमा जिले का एर्राबोर गांव हर साल रक्षाबंधन पर एक ऐसा नज़ारा देखता है, जो आंखों को नम कर देता है. यहां बहनें अपने उन भाइयों की मूर्तियों पर राखी बांधती हैं, जो सलवा जुडूम आंदोलन के दौरान अलग अलग जगहों पर माओवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे. यह परंपरा पिछले कई वर्षों से चली आ रही है, और आज भी गांव के लोगों के दिल में इन शहीद जवानों की याद जिंदा है.

एर्राबोर, जो कभी नक्सली हिंसा का गढ़ माना जाता था, 2006 में सुकमा जिले में सलवा जुडूम के दौर में जवानों और माओवादियों के बीच हुए अलग अलग घटनाओं ने सुरक्षा बलों के जवानों ने शहादत प्राप्त की. उन घटनाओ में शहीद हुए जवानों में से कई जवान यहीं के बेटे थे, जिनकी वीरगाथा आज भी बुजुर्गों की जुबान पर है.

रक्षाबंधन के दिन गांव की महिलाएं और बहनें सफेद या रंगीन चुनरी ओढ़कर, थाली में राखी, चावल और मिठाई लेकर शहीद स्मारक की ओर जाती हैं. वहां मौजूद शहीद जवानों की मूर्तियों के सामने वे धूप-दीप जलाकर उन्हें याद करती हैं. फिर नम आंखों और भरे गले से उनके हाथों की जगह मूर्ति की कलाई पर राखी बांधती हैं. यह सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि अपने वीर भाइयों के प्रति अनंत प्रेम और गर्व का प्रतीक है.

गांव की एक महिला बताती हैं, ÷भैया अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन रक्षाबंधन पर उनका आशीर्वाद हमें महसूस होता है. हम जानते हैं कि उन्होंने अपनी जान हमारी सुरक्षा के लिए दी. आज अगर हम चैन की सांस ले पा रहे हैं, तो सिर्फउनके बलिदान की वजह से.÷

एर्राबोर का यह अनोखा रक्षाबंधन न केवल रिश्तों का, बल्कि बलिदान और वीरता का भी पर्व है. बच्चे और युवा भी इस परंपरा में शामिल होते हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को यह याद रहे कि माओवादी हिंसा ने इस धरती से कितने सपूत छीन लिए थे.

स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफके जवान भी इस मौके पर मौजूद रहते हैं और बहनों से वादा करते हैं कि वे गांव की सुरक्षा के लिए हर वक्त तत्पर रहेंगे. यह दृश्य सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु भी बनाता है.

हालांकि समय के साथ एर्राबोर और आसपास के इलाकों में माओवादी घटनाएं कम हुई हैं, लेकिन वह दर्द और वीरता की यादें आज भी ताज़ा हैं. यहां राखी सिर्फ धागा नहीं, बल्कि वह अटूट बंधन है जो बहनों को उनके शहीद भाइयों से जोड़ता है–चाहे वे इस दुनिया में हों या नहीं.

# दिव्यांग छात्राओं ने जवानों को बांधी राखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 10 अगस्त।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर 02 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के श्री कमलेश कुमार, कमाण्डेन्ट महोदय के मार्गदर्शन में 02 बटालियन के अधिकारी एवं जवानों को आकार आवासीय संस्था स्कूल, सुकमा की दिव्यांग छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर एवं रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बहनों द्वारा हिन्दु रिति-रिवाज एवं पारंपरिक व सांस्कृतिक तरीके के 02 बटालियन के अधिकारियों व जवानों को राखी बांधी और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर श्री कमलेश कुमार, कमाण्डेन्ट 02 बटालियन, के0रि0पु0बल0 ने इस रचनात्मक पहल के लिए सुकमा क्षेत्र के माताओ-बहनों का आभार प्रकट किया साथ ही यह भी बताया कि देशभर में मनाये जाने वाला रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के असीम प्रेम एवं स्नेह का प्रतीक है। यह पर्व रक्षा एवं भावनाओं के प्रति विश्वास उतपन्न करता है। साथ ही सुकमा क्षेत्र के माताओं-बहनों को यह भी आश्वासन दिया कि 02 बटालियन, के0रि0पु0बल0 सदैव आपकी सुरक्षा में तत्पर है एवं भविष्य में भी रहेगा। इस अवसर पर 02 बटालियन के श्री विवेक सक्सेना, द्वतीय कमान अधिकारी एवं अधिनस्थ अधिकारी व जवानों के साथ स्कूल के प्राधानाध्यापक श्री हरि कौशिक, शिक्षक- नरेश भोई, मनोज कश्यप, किशन साहू, तुलेश कौशिक, सुरेन्द्र भेंसवर, केवल देशमुख, शिक्षिका- अन्नपूर्णा मडावी, लता साहू, मंजू डेहरे उपस्थित थे।

# बीजापुर की बहनों ने जवानों को भेजा प्यार का 1800 रक्षा सूत्र

**बीजापुर 10 अगस्त।** जिले में रक्षाबंधन पर्व को विशेष रूप से मनाने और देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट करने हेतु एक भावनात्मक पहल की गई। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ऑपरेशन सिपाही, रक्षा सूत्र के नाम से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, किशोरी बालिकाओं और महिला समूहों द्वारा स्नेह और देशभक्ति से निर्मित 1800 राखियाँ देश के वीर सैनिकों को भेजी गई हैं। इन राखियों के माध्यम से बहनों ने न सिर्फ़ रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ भेजीं, बल्कि अपने पत्रों के ज़रिए सैनिकों के साहस और बलिदान के प्रति श्रद्धा भी अर्पित की। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह पहल बच्चों और महिलाओं में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने और सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान जताने का एक माध्यम है। जिले की विभिन्न आंगनबाड़ियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भावनाओं का एक मजबूत सूत्र है। जब यह राखियाँ हमारे जवानों की कलाई पर बंधेंगी तो उन्हें यह एहसास होगा कि पूरा देश उनके साथ है।

# मंत्री टंकराम वर्मा को नपा अध्यक्ष चन्द्रकला वर्मा ने बांधी स्नेह की डोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा, 10 अगस्त।** तिल्दा में रक्षाबंधन के मौके पर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने क्षेत्र में बहनों के साथ त्योहार रक्षा बधन का पर्व मनाया तिल्दा नेवरा के नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा ने उन्हें राखी बांधी और उनका स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा ने कहा कि मंत्री टंक राम वर्मा ने हमेशा अपनी बहनों की चिंता जताई है महिलाओं बहनों के लिए महतारी सदन हो या महतारी वंदन का लाभ सभी को मिल रहा है क्षेत्र के विधायक व मंत्री टंक राम वर्मा की बहनों ने राखी की थाल सजाकर उनका स्वागत किया और स्नेह के साथ राखी बांधी। वहीं मंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है, जिसमें बहनें अपने भाई की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और सुरक्षा के लिए रक्षा-सूत्र बांधती हैं, वहीं भाई भी बहनों की रक्षा और सम्मान का संकल्प लेते हैं।

# पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

**बीजापुर 10 अगस्त।** महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जाबकार्डधारी परिवारों को वर्ष भर में 100 दिवस रोजगार उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान है। ग्रामीण मजदूरों को प्रत्येक दिवस उनके कार्य के बदले 261 रुपए की मजदूरी प्रदान की जाती है। 7 अगस्त को आयोजित रोजगार दिवस में श्रमिकों को ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्य के बारे में जानकारी व जॉब कार्ड नवीनीकरण और कार्यस्थल पर एनएमएमएस मोबाइल मॉनिटरिंग एवं मजदूरी भुगतान का निरीक्षण हेतु जन मनरेगा एप के माध्यम से जानकारी दिया गया। प्रत्येक माह 7 तारीख को पंचायतों में रोजगार दिवस के आयोजन करने के निर्देश हैं, जिसमें योजनान्तर्गत नवीन प्रावधानों के अलावा जाबकार्ड धारी श्रमिकों की आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाता है। जिले की ग्राम पंचायतों में 7 अगस्त को रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में ग्राम पंचायत मनरेगा श्रमिक रोजगार सहायक एवं सचिव शामिल हुए।




# बैठक में वन अधिकार पत्र पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 10 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आज प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के इंद्रावती सभाकक्ष में वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में विभिन्न अनुभागों से प्राप्त पात्र एवं अपात्र व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों पर चर्चा किया गया।

जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की यह बैठक सुशासन तिहार, नियद नेल्लानार योजना और वन अधिकार मान्यता पत्र के अनुमोदन के लिए बुलाई गई है। इसमें अनुविभागीय स्तरीय समितियों से प्राप्त प्रस्तावों को अंतिम अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार, विभिन्न अनुभागों से कुल 245 पात्र प्रकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें भैरमगढ़ से 93, उसूर से 93, भोपालपटनम से 28 और बीजापुर से 26 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बीजापुर अनुभाग से धारा 3(2) के अंतर्गत 390 बटालियन प्रशिक्षण हेतु 01 विशेष प्रकरण भी प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं भैरमगढ़ और उसूर अनुभाग से 01-01 अपात्र प्रकरण भी प्राप्त हुए हैं, जिन पर समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

# इको क्लब ने पेड़ों को रक्षासूत्र बांधा

**कोंडागांव।** विकासखंड कोंडागांव के शास. उच्च प्राथमिक शाला बड़ेपारा सोनाबाल में इको क्लब के द्वारा पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी देखभाल करने का बीड़ा उठाया है। शाला के बच्चों ने शिक्षिका श्रीमती श्वेता साहू के मार्गदर्शन में रक्षा सूत्र तैयार कर पेड़ पौधों की रक्षा करने एवं उन्हें कभी नुकसान नहीं पहुंचाने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि इको क्लब द्वारा शाला प्रांगण में कंपोस्ट खाद तैयार कर हर्बल किचन गार्डन बनाया गया है जहां भिंडी उगाकर मध्यान्ह भोजन में नियमित सेवन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक श्री पीके दीक्षित एवम शिक्षक सुरेश चंद्रवंशी, हेमदत्तेश्वर पटेल, जगतराम सोरी, पूनम ठाकुर, रसु नाग एवं शाला इको क्लब के प्रधानमंत्री कु करुणा सेठिया एवं मंत्री मंडल राखी साहू, प्रियांशी साहू, सोमी ठाकुर, याचना कोर्राम, चोमेश्वरी ठाकुर तथा सभी विद्यार्थियों की भागीदारी रही।



# यूनिसेफ की टीम ने बीजादूतीर कार्यक्रम की सराहना की

**बीजापुर 10 अगस्त।** यूनिसेफ की रायपुर टीम, जिसमें बाल संरक्षण स्पेशलिस्ट चेतन देसाई, सोशल एंड बिहेवियर चेंज स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह और अनुराधा शामिल थे, ने बीजादूतीर कार्यक्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत कोडोली में आयोजित विलेज लेवल बीजादूतीर क्लब की बैठक में सरपंच, उप सरपंच, पंच और 30 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। बैठक में युवाओं को सकारात्मक दिशा देने की पहल शुरू की गई। स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, स्कूल वेंडे वर्राट पण्डुम, माहवारी स्वच्छता और कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती जैसे कार्यों में अपने अनुभव साझा किए, युवाओं का सेफ स्पेस विलेज लेवल क्लब बनाए जाने पर स्वयंसेवकों ने धन्यवाद किया, जिनकी यूनिसेफ अधिकारियों ने सराहना की।



इसके बाद, कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बीजादूतीर कॉर्नर में जिला समन्वयक अशोक पाण्डेय ने ब्लॉक समन्वयकों के साथ यूनिसेफ अधिकारियों को आगामी कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दी और कार्य को बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त किए। यूनिसेफ टीम ने कलेक्टर संबित मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे के साथ बैठक की जिसमें मानसिक अस्वस्थ लोगों का डेटा, फील्ड के अवलोकन की जानकारी देते हुए रिपोर्ट साझा की गई।

# विश्व आदिवासी दिवस पर समाज ने अधिकार व विकास के मुद्दे को उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 10 अगस्त।** ढोल-नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक पोशाकों में सजे युवक-युवतियां और सड़कों पर दौड़ती सैकड़ों बाइकें, शनिवार को बीजापुर जिला पूरी तरह आदिवासी रंग में रंगा नजर आया। विश्व आदिवासी दिवस पर बीजापुर, भोपालपटनम, आवापल्ली, भैरमगढ़, गंगालूर और केतुलनार में रैली, बाइक मार्च, आमसभा और पारंपरिक नृत्यों के साथ माहौल उत्सवमय हो गया। इस जश्न के बीच सर्व आदिवासी समाज ने अपने अधिकार और विकास के मुद्दों को भी मजबूती से उठाया। कलेक्टर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बस्तर और आदिवासी समाज के समग्र विकास से जुड़ी 15 से ज्यादा अहम मांगें रखीं।

समाज प्रमुखों ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में किसी भी कानून को लागू करने से पहले जनजातीय सलाहकार परिषद की मंजूरी अनिवार्य हो। आंध्र प्रदेश की तर्ज पर आदिवासी भूमि की खरीद-बिक्री को नियंत्रित करने हेतु भू-हस्तांतरण विनियम लागू किया जाए और भू-माफियाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष कानून बने।

कार्यक्रम में भोपापटनम के अशोक मडे, कामेश्वर गौतम, महेंद्र काका, आलम कामेश्वर, सालिक नागवंशी, अनिल पामभोई, भैरमगढ़ से सीताराम मांझी, जग्गूराम तेलामी, शिव पुनेम, सीएस नेताम, भावसिंह भास्कर, रानू सोरी, कुटरू से कुंवर सिंह मज्जी पुरुषोत्तम शाह, बीजापुर से सुखलाल पुजारी, कमलेश पैंकरा, बी.आर. साहनी, बी.आर. अमान, श्रवण सण्ड्रा, अजय दुर्गम, गंगालूर से नरेंद्र हेमला, अमित कोरसा, शंकर कुड़ियम, सुशील हेमला, हरिहर साहनी, मंगल राना, पी.आर. भगत, इग्नानुस तिर्की आवापल्ली (उसूर) के तेलम बोरैया, भीमा कट्टम, मनोज अवलम, चिन्नाराम अंगनपल्ली सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारीगण व ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में सुकमा जिले के प्रतिनिधियों ने की सहभागिता

**सुकमा, 10 अगस्त।** भारत सरकार के राष्ट्रीय परिवर्तन संस्थान – नीति आयोग के तत्वावधान में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर.मण्डावी के आदेशानुसार इस संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिले से शिक्षा विभाग के सीताराम सिंह राणा एपीसी एवं रजनीश सिंह एपीसी ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की।संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य था – आकांक्षी जिलों एवं विकासखंडों में शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में नवीन नवाचारों के माध्यम से समग्र विकास एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना, साथ ही ज्ञान के आदान-प्रदान को सशक्त बनाना।विशेष चर्चा के विषयों में निम्नलिखित बिंदु प्रमुख रहेःबुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता एफएल.एन.मिशन 2026-027 का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना, वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता को बनाए रखना,




राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (ह्श्वक्क 2020) के प्रभावी क्रियान्वयन में नीति आयोग ,समावेशी, गुणवत्तापूर्ण एवं लचीली शिक्षा व्यवस्था लागू करने के लिए नवाचार आधारित दृष्टिकोण,प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को प्राथमिकता देना।

# मुख्यमंत्री साय को जशपुर की बहनों ने बांधी राखी

## रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का प्रतीक : सीएम



**रायपुर, 10 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह ग्राम बगिया स्थित कैंप कार्यालय में रक्षाबंधन के अवसर पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित बहनों ने राखी बांधकर आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना की हितग्राही दीदियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएँ, मितानिन और स्व-सहायता समूह की बहनों ने भी मुख्यमंत्री साय की कलाई पर राखी बांधी और उनके दीर्घायु की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते, स्नेह और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और मोदी जी की गारंटी का अर्थ है—वादा पूरा होने की गारंटी।

मुख्यमंत्री साय ने जशपुर के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि जशपुर जिले में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फिजियोथेरेपी एवं उद्यानिकी कॉलेज, 200 बिस्तरों का अस्पताल और बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए हर्राडांड (कुनकुरी) में प्रदेश का पाँचवाँ पावर प्लांट स्थापित करने की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जशपुर के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर उपेंद्र यादव, सुनील गुप्ता, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जनप्रतिनिधिगण, स्व-सहायता समूह की दीदियाँ और हितग्राही महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# 'लघु वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन के लिए कार्ययोजना बनाकर ग्रामीणों की आजीविका को बढ़ाएं'



**रायपुर, 10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीते दिनों बीजापुर प्रवास के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर कम्युनिटी पुलिसिंग सिविक एक्शन सहित आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नियद नेल्लानार क्षेत्रों में बिजली पानी सड़क स्कूल आंगनबाड़ी सहित मूलभूत सुविधाओं की पहुंच तथा वर्षों से वंचित ग्रामीणों को मूलभूत दस्तावेज सुलभ कराए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। परंपरागत व्यवसाय लघु वनोपज के उपलब्धता अनुसार संग्रहण प्रसंस्करण तथा व्यापक स्तर बाजार की उपलब्धता सुनिश्चित करने विपणन हेतु आवश्यक कार्य योजना बनाकर आर्थिक संवृद्धिकरण की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत बने लखपति दीदी एवं स्व सहायता समूह की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर दिया गया। वहीं नक्सल पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों के रोजगार के अवसर और कौशल विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए नियमित रूप से आर्थिक गतिविधियों का संचालन करने को कहा गया।नियद नेल्लानार क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा कैम्पों के समीप गांवों में पढ़ें लिखे युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण देकर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार को लेकर बैंक सखी, एटीएम सुविधा सहित नवीन बैंकों के स्थापना हेतु जिला स्तर से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा हेतु संचालित युवा कैरियर एकेडमी में अध्ययनरत सुदूर क्षेत्रों के युवाओं की आवासीय सुविधाओं की जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुड़ामी, सचिव छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास भीम सिंह, आयुक्त बस्तर संभाग डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पॉम की खेती से किसानों को मिलेगा आय का स्थायी जरिया



**रायपुर, 10 अगस्त।** पॉम की खेती प्रदेश के किसानों के लिए स्थायी आय का जरिया बन रही हैं। राज्य सरकार किसानों को अतिरिक्त आमदनी के साधन उपलब्ध कराने पॉम सहित अन्य उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दे रही है। वहीं पॉम ऑयल की मांग और उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए पॉम की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय तिलहन एवं ऑयल पाम मिशन के तहत साझा अभियान शुरू किया है। जिसके तहत 2 हजार 682 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में पॉम पौधों का रोपण हो चुका है। पॉम ऑयल सबसे अधिक उपयोग में लाये जाने वाला वनस्पति तेल है। इसका उपयोग बिस्किट, चॉकलेट, मैगी, स्नैक्स और गैर खाद्य जैसे साबुन, क्रीम, डिटर्जेंट, बायोफ्यूल आदि उत्पादों में होता हैं। पॉम के कृषकों को प्रोत्साहन हेतु केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा एक-एक लाख रूपए अनुदान भी दिया जा रहा है। वहीं किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं।

### युक्तियुक्तकरण : खरगा की पूनम की मुस्कान में झलकता भविष्य का सपना



**रायपुर, 10 अगस्त।** बिलासपुर जिला के कोटा ब्लॉक का छोटा सा ग्राम खरगा अब शिक्षा की नई रोशनी से जगमगा रहा है। इस गाँव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय की छात्रा पूनम धृतलहरे की आंखों में अब आत्मविश्वास और उम्मीद दोनों चमकते हैं। मेहनती और होशियार पूनम शुरू से पढ़ाई में आगे रही है, लेकिन लंबे समय से यह विद्यालय एकल शिक्षकीय था, जिससे उसकी और उसके साथियों की शिक्षा प्रभावित हो रही थी। कठिन सवालों के उत्तर न मिल पाने से बच्चे धीरे-धीरे उत्साह खोने लगे थे और कुछ तो स्कूल छोड़ने की सोच भी रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए गए युक्तियुक्तकरण ने इस गाँव के बच्चों की जिंदगी में नई दिशा दी। विद्यालय में पहले से कार्यरत शिक्षक श्री संतोष कुमार खांडे के साथ अब श्री मुकेश कुमार यादव की नियुक्ति होने से कक्षाओं में नई ऊर्जा और बेहतर शिक्षण वातावरण आया। दो शिक्षकों की मौजूदगी ने न केवल पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारी, बल्कि बच्चों का स्कूल से जुड़ाव भी बढ़ाया।

### रक्षाबंधन पर जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ : बिहान की 12 दीदियों को ई-रिक्शा का उपहार

# बहनों की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 10 अगस्त।** रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के गृहग्राम बगिया से जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ किया और बिहान योजना से जुड़ी 12 दीदियों को राखी के उपहार स्वरूप ई-रिक्शा प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने स्वयं स्व-सहायता समूह की महिला गिलसोनिका पाण्डे के ई-रिक्शा में बैठकर बगिया निवास परिसर की यात्रा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह ई-रिक्शा न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इसकी परिचालन लागत भी कम है। इससे महिलाएं स्थानीय परिवहन सेवाओं में अपनी भागीदारी निभाते हुए आत्मनिर्भर बनेंगी और अपने परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगी। उन्होंने रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की सभी बहनों की सुरक्षा और सहयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्व-सहायता समूह की बहनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ही यह ई-रिक्शा वितरण किया गया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उनकी सरकार मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 18 लाख आवास का कार्य तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही आवास प्लस प्लस योजना के




अंतर्गत 5 एकड़ असिंचित भूमि, 2.50 एकड़ सिंचित भूमि, टू-व्हीलर और 15 हजार रुपये मासिक आमदनी वाले पात्र परिवारों को भी लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख बहनों को प्रति माह 1000 रुपये दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय बढ़ाने के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य 5500 रुपये प्रति मानक बोरा किया गया है। गांवों में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक-केंद्रित बनाया गया है। दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बस सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेज, प्राकृतिक चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी केंद्र, शासकीय नर्सिंग कॉलेज और शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले जाएंगे।

कार्यक्रम में बताया गया कि ई-रिक्शा का संचालन जिले के विभिन्न रूट्स पर महिला संचालकों द्वारा किया जाएगा। फरसाबहार में प्रतिमा भगत फरसाबहार- कन्दईबहार- अमडीहा- तपकरा मार्ग पर, मदनावती लवाकेरा- अमडीहा- पुराईनबंध- समडमा- तपकरा मार्ग पर, राजकुमारी पैंकरा तपकरा- कन्दईबहार- तुबा- फरसाबहार मार्ग पर और उर्मिला भगत खुटगांव- सिंगीबहार- साजबहार- तपकरा मार्ग पर परिचालन करेंगी। इसी तरह, दुलदुला में बिंदेश्वरी देवी कोसा- दुलदुला- विपतपुर- छेरडांड मार्ग पर, पार्वती साय कोसा- दुलदुला- पतराटोली- लोरो- बम्हनी मार्ग पर, संगीता देवी छेरडांड- लोरो- बम्हनी- कस्तुरा मार्ग पर और बिमला देवी छेरडांड- दुलदुला- लोरो- पतराटोली मार्ग पर परिचालन करेंगी। कांसाबेल में गिलसोनिका पाण्डे टांगरगांव- हथगड़ा- कांसाबेल मार्ग पर, तियासो पैंकरा बांसबहार- दोकड़ा- पुसरा- खुंटीटोली- कांसाबेल मार्ग पर, नीता रवानी कटंगखार- दोकड़ा- बन्दरचुंआ- कांसाबेल मार्ग पर और अंगावती बाई देवरी- दोकड़ा- छाताबर- कांसाबेल मार्ग पर ई-रिक्शा का परिचालन करेंगी।

इस अवसर पर कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, उपेन्द्र यादव, गणेश जैन एवं रवि यादव उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने माँ दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की



**रायपुर, 10 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर विधायक चौतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

# तेज रफ्तार एंबुलेंस ने मासूम बच्चे को कुचला, ड्राइवर मौके से फरार

■ **रक्षाबंधन पर मां के साथ मामा के घर आया था मासूम**

**बलरामपुर, 10 अगस्त।** जिले में लापरवाही की फिर से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने एक नौनिहाल की जिंदगी छीन ली है। जिले के राजपुर विकासखंड के ग्राम बिरनीपारा मे शराब के नशे मे धुत्त महतारी एक्सप्रेस के चालक ने 7 साल के बच्चे को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया है। बच्चा अपनी माँ के साथ मामा के घर राखी का त्यौहार मनाने आया था।

कल पूरे देश में रक्षाबंधन का त्योहार काफी खुशियों के साथ मनाया गया लेकिन जिले के बिरनीपारा में यह त्यौहार मातम में बदल गया। यहां महतारी एक्सप्रेस का चालक मनमानी तरीके से वाहन को अपने दोस्त के साथ शराब पीने के लिए ले गया था और शराब के नशे में धुत होकर वापस आते समय पैदल अपनी मां के साथ जा रहे 7 साल के बच्चे को कुचल दिया। कल देर शाम की यह घटना है,बच्चे को कुचलने के बाद महतारी एक्सप्रेस का चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इधर इस घटना के बाद से परिजनों में मातम बसरा हुआ है।

इस घटना से आदिवासी समाज के लोग भी बेहद आक्रोषित हैं और उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने इस पूरे घटना पर मृतक बच्चे के परिजनों को पांच करोड रुपए मुआवजा देने की मांग की है और मुआवजा नहीं मिलने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दिया है। वहीं उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी शासकीय वाहन बेलगाम है इस पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने ऐसे पूरे वाहनों और चालक की जांच की मांग की है। पुलिस की टीम पूरे मामले की जांच में जुट गई है वहीं अस्पताल के बीएमओ का कहना है कि 102 और 108 वहां पर अस्पताल प्रबंधन का कोई रोल नहीं होता है।

# मीना बाजार में झूला झूलते समय बैलेंस बिगड़ने से अधर में लटकी महिला

## युवक ने सुरक्षित उतारा नीचे, बडा हादसा टला

**बलौदाबाजार, 10 अगस्त।** भाटापारा शहर में लगे मीना बाजार में झूला झूलते समय अचानक बैलेंस बिगड़ने से महिला झूले में लटक गई. ऐसे समय में मीना बाजार के कर्मचारी ने महिला की हौसला आफ्जाई की. महिला ने भी हिम्मत दिखाते हुए झूले को पकड़ी रही. इस बीच युवक महिला के पास पहुंचकर उसको सुरक्षित नीचे उतारा. अब इस घटना का वीडियो भी हो रहा है वायरल. यह तो गनीमत था कि झूला उस वक्त स्पीड में नहीं था, वरना एक बड़ा हादसा हो जाता. ऐसे समय में मीना बाजार के कर्मचारी ने अपने साहस और सूझबूझ से महिला की हौसला आफ्जाई की. महिला ने भी हिम्मत दिखाते हुए झूले को पकड़ी रही. इस बीच युवक महिला के पास पहुंचा और सुरक्षित नीचे उतारा, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली. इस घटना ने मीना बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर भी एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है.

**छोटी सी लापरवाही पड़ सकती थी भारी:** कई बार देखा जाता है कि बड़े हवाई झूलों



में सवार लापरवाही करते नजर आते हैं. सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते हैं, ऊपर से सेल्फी लेते हैं, और वीडियो बनाते रहते हैं. यही वजह है इस तरह के हादसे हो जाते हैं. एक छोटी सी लापरवाही से किसी की जान भी ले सकती है. फिलहाल, अब यह देखना होगा कि घटना के बाद सुरक्षा के किस तरह इंतजाम किये जाते हैं, ताकि दुबारा इस तरह की घटना न हो.

# नौकरी लगवाने के नाम पर महिला ने युवकों से की ठगी

**दंतेवाड़ा, 10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से दो युवकों के साथ ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने शिक्षा विभाग और जनपद पंचायत में नौकरी लगाने के नाम पर युवकों से 2 लाख रुपए की ठगी की है। युवकों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

**युवकों को ऐसे दिया था झांसा:** यह पूरा मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है। यह मामला तब सामने आया जब, दो युवक जगदलपुर की रहने वाली रुखसार खान के खिलाफ ठगी की शिकायत लेकर पहुंचे। दोनों युवकों महेंद्र सिंह सोढ़ी और संजय कुमार कड़ियाम ने स्त्रढ्ढक्र दर्ज कराते हुए बताया कि महिला ने उन्हें बताया था कि उसकी गीदम के जावांगा एजुकेशन सिटी में शिक्षा विभाग में अधिकारियों से जान पहचान है।

**महिला ने पैसे वापस करने से कर दिया मना:** महिला ने दोनों युवकों को शिक्षा विभाग और जनपद पंचायत में प्यून और कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने का झांसा दिया था। महिला ने एक युवक से डेढ़ लाख और दूसरे युवक से 50 हजार रुपए ऐंठ



लिए थे। पैसे देने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी, तो दोनों युवकों ने महिला से अपने पैसे वापस मांगे। लेकिन महिला ने पैसे देने से साफ मना कर दिया। जिसके बाद युवकों को अपने साथ हुए ठगी का एहसास हुआ और दोनों शिकायत लेकर थाने पहुंचे।

**पहले भी ठगी के मामले में जेल जा चुकी है महिला:** बोधघाट थाना पुलिस ने भी युवकों की शिकायत पर स्त्रढ्ढक्र दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी महिला इससे पहले भी ठगी के मामले में जेल जा चुकी है। वह बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठती थी और नौकरी नहीं लगाती थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी रुखसार खान को दोबारा गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# अस्पताल में महिला ने फर्श पर दिया बच्चे को जन्म



■ **चार घंटे बाद भी नहीं पहुंचा कोई डॉक्टर**

**सूरजपुर, 10 अगस्त।** भटगांव में एक गर्भवती महिला अपने गांव से सास के साथ प्रसव कराने अस्पताल पहुंची, लेकिन वहां चार घंटे तक एक भी डॉक्टर, नर्स या अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद नहीं मिला. चार घंटे के दर्द और इंतजार के बाद महिला को मजबूरी में अस्पताल के फर्श पर ही बच्चे को जन्म देना पड़ा.

सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में 9 अगस्त को मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया. जहां एक गर्भवती महिला अपने गांव से सास के साथ प्रसव कराने अस्पताल पहुंची, लेकिन वहां चार घंटे तक एक भी डॉक्टर, नर्स या अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद नहीं मिला. चार घंटे के दर्द और इंतजार के बाद महिला को मजबूरी में अस्पताल के फर्श पर ही बच्चे को जन्म देना पड़ा.

**महिला ने फर्श पर दिया बच्चे को जन्म, डॉक्टर रहे नदारत:** जानकारी के अनुसार, महिला जब प्रसव पीड़ा में भटगांव स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, तो अस्पताल मानो सुनसान पड़ा था, न कोई डॉक्टर, न नर्स, न वार्ड, इसी दौरान भटगांव निवासी जितेंद्र जायसवाल भी अपने परिचित को रेबीज का इंजेक्शन दिलाने अस्पताल पहुंचे, लेकिन उन्हें भी कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं मिला. डॉक्टरों को मोबाइल पर कॉल किया गया, लेकिन किसी ने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा.

# घरेलू विवाद में मंझले भाई की टंगिया मारकर हत्या के मामले में छोटा भाई गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 अगस्त।** आपस में घरेलू विवाद के बाद छोटे भाई ने अपने ही मंझले भाई की टंगिए से



वार कर हत्या कर दी पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के डबरा पारा में दोनों भाईयों के बीच शनिवार रात को यह घटनाक्रम हुआ। लेकिन परिजन गंभीर रूप से घायल को अस्पताल लेकर नहीं गए। आज सुबह मोहल्ले वालों के जरिए पुलिस को सूचना मिली तो घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मृतक के छोटे भाई को हिरासत में ले लिया है भिलाई-3 थाना क्षेत्र के डबरा पारा दक्षिण में भाई ने भाई की हत्या कर दी। मृतक का नाम सुदामा ठाकुर ( 27 साल ) है वहीं हत्या के



आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गया युवक शरद ठाकुर ( 25 साल ) है मृतक और आरोपी दोनों सगे भाई हैं। तीन भाइयों में मृतक सुदामा मंझला और आरोपी शरद ठाकुर छोटा है। इनका एक बड़ा भाई चंद्रशेखर ठाकुर है। इनके माता पिता का स्वर्गवास हो चुका है। तीनों भाई डबरा पारा दक्षिण में मौसी और मौसा के साथ एक घर में रह रहे थे। शरद के साथ पूर्व में सड़क हादसा हुआ था। जिसमें सिर पर लगने से उसकी दीमागी हालत कुछ ठीक नहीं थी और वह कुछ काम नहीं करता था और अपने खर्चे के लिए भाईयों से पैसे मांगता था। इसी बात पर कल रात शरद और सुदामा के बीच विवाद होने की संभावना जताई जा रही है बताया जाता है कि आज सुबह मोहल्ले वालों को सुदामा ठाकुर के घर पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े होने की जानकारी मिली। सुदामा के गले व चेहरे पर तेजधार हथियार से चोट के निशान और शरीर पर खून के धब्बों को देख पड़ोसियों ने परिजनों से पूछताछ की। इस पर उन्होंने गुमराह करते हुए बताया कि देर रात कोई अज्ञात व्यक्ति ने आकर सुदामा ठाकुर पर हमला कर दिया है। बात थाने तक गई तो पुलिस ने मौके पर आकर सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि आपसी विवाद के चलते छोटे भाई शरद ने ही सुदामा पर टंगिए से वार किया है। इसके बाद शरद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और सुदामा को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### छत्तीसगढ़ में 'गौधाम योजना' की शुरुआत : पशुधन सुरक्षा, नस्ल सुधार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा संबल

**रायपुर, 10 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गौधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा और नस्ल सुधार को बढ़ावा देगी, बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी। योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है कि निराश्रित एवं घुमंतु गौवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ-साथ चरवाहों और गौसेवकों को नियमित आय का स्थायी स्त्रोत उपलब्ध हो, जिससे ग्रामीण जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता आ सके। गौधाम योजना के ड्राफ्ट को वित्त एवं पशुधन विकास विभाग से भी मंजूरी मिल चुकी है। गौधाम योजना का उद्देश्य गौवंशीय पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन करना, गौ-उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा फसलों के नुकसान और दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना है। पशुधन विकास विभाग ने यह योजना विशेष रूप से तस्करी या अवैध परिवहन में पकड़े गए पशुओं और घुमंतु पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की है। राज्य में अवैध पशु तस्करी एवं परिवहन पर पहले से रोक है।

एक नजर

## न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली, 10 अगस्त।** न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वह पिछले चार साल से टीम से बाहर चल रही थीं और अब उन्होंने अपने करियर पर फुल स्टॉप लगाने का फैसला किया है। वह 2016टी20 विश्व कप और 2017 वनडे विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं। अब उनके 14 साल लंबे करियर पर ब्रेक लग गया है।

थैमसिन न्यूटन टॉप ऑर्डर में खेलती रही हैं। इसके अलावा वह मिडियम फास्ट बॉलिंग भी करती थीं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2015 में डेब्यू किया था और आखिरी मैच साल 2021 में खेला था। इस दौरान उन्होंने कुल 15 मुकाबले खेले, जिसमें 9 विकेट हासिल किए और 22 रन बनाए।

वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए साल 2016 में डेब्यू किया था। इसके बाद इसी साल पाकिस्तान के खिलाफ वनडे मैच में पहली बार पांच विकेट हॉल हासिल किया था। उस मैच में उन्होंने 19 रन बनाए भी बनाए थे और प्लेयर ऑफ द मैच बनी थीं। वनडे क्रिकेट के 10 मैचों उन्होंने कुल 11 विकेट झटके और 57 रन बनाए। खराब फॉर्म की वजह से वह टीम से अंदर-बाहर होती रही हैं।

# इंग्लैंड में शतक नहीं जड़ने पर टूट गया करुण नायर का दिल




**नई दिल्ली, 10 अगस्त।** अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर भारतीय टीम में वापसी के बाद उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की सीरीज में चार मैच खेलने के बाद 25.62 के औसत से 205 रन बटोरे। उनके बल्ले से सिर्फ एक अर्धशतक निकला। इंग्लैंड में शतक नहीं जड़ने पर नायर का दिल टूट गया। उन्होंने खुद यह कड़वा सच कबूला है। उन्हें ओवल में अंतिम टेस्ट में अच्छी शुरुआत मिली लेकिन फिफ्टी कंप्लीट होने के बाद ज्यादा देर नहीं टिके। भारत ने ओवल टेस्ट में 6 रनों से रोमांचक जीत दर्ज कर सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई।

नायर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, ओवल में अपनी शुरुआत को शतक में नहीं बदल पाने से मैं निराश था। लेकिन पीछे मुड़कर देखता हूं तो उस मुश्किल स्थिति में टीम के साथ पहले दिन डटे रहना मेरे लिए काफी अहम था। मैंने वहां पहले भी अच्छा प्रदर्शन किया था। मैंने नॉर्थेंट्स के लिए सरे के खिलाफ 150 रन बनाए थे। नर्वस जरूर था लेकिन मैं अच्छा महसूस कर रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि मैं इसे शतक में बदल पाऊंगा, जो मैं नहीं कर सका।''

33 वर्षीय बल्लेबाज ने आगे कहा, ÷यह एक उतार-चढ़ाव भरी सीरीज थी और मैंने इस पर काफी विचार किया। लेकिन जो हो चुका है उसे भूलकर अगले कुछ महीनों में मुझे क्या करना है, उसपर ध्यान देना भी जरूरी है। यह मेरे फोकस लेवल को ऊंचा रखने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि मैं आगे बढ़ता रहूं और बड़े स्कोर बनाऊं, फिर चाहे मैं किसी भी स्तर पर खेल रहा हूं।'' बता दें नायर को घरेलू क्रिकेट में रनों का पहाड़ खड़ा करने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए चुना गया था।

नायर कमबैक टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर आउट हुए थे। उन्होंने लीड्स में दूसरी पारी में 20 रन बनाए। उन्होंने लीड्स टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की। वह बर्मिंघम में आजोजित दूसरे टेस्ट में वन डाउन उतरे। उन्हें ठीक-ठाक शुरुआत (31 और 26) मिली पर लय बरकरार नहीं रख पाए। भारत ने लॉर्ड्स में फिर नायर पर भरोसा किया। उन्होंने पहली पारी में 40 और दूसरी पारी में 14 रन जोड़े। उन्हें मैनचेस्टर में खेले गए चौथे मैच की प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप कर दिया गया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ओवल में आया। उन्होंने यहां पहली पारी में 57 रन जुटाए और भारत को 200 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने दौरे का अंत 17 रनों की पारी के साथ किया।

### कोच के एक मैसेज ने भरा टीम इंडिया में जुनून : नायर

करुण नायर ने टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम के अंदर की एक बात बताई है, जो हेड कोच गौतम गंभीर से जुड़ी है। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। यह सीरीज बेहद रोमांचक रही। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में टीम जब इंग्लैंड पहुंची थी तो उससे ज्यादा उम्मीद नहीं लगाई गई। इसकी वजह विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति थी, जिन्होंने सीरीज से पहले टेस्ट रिटायरमेंट ले लिया। हालांकि, शुभमन ब्रिगेड की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उसने किसी भी मैच में आखिर तक हार नहीं मानी। अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने अब टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम के अंदर की एक बात बताई है। उन्होंने कहा कि हेड कोच गौतम गंभीर के एक मैसेज ने टीम इंडिया में जुनून भरा था। नायर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, शुरुआत में ही गौती (गौतम गंभीर) भाई ने कहा था कि वह नहीं चाहते कि हम इसे एक परिवर्तन के दौर से गुजरने वाली टीम के रूप में देखें। वह नहीं चाहते थे कि हम ऐसा महसूस करें। हमें जो पहला मैसेज मिला, वो था 'यह कोई यंग टीम नहीं बल्कि एक गन टीम है और सभी को इसे अंदर से महसूस करना चाहिए।'

## धोनी या गिलक्रिस्ट नहीं, संजू सैमसन रोहित को मानते हैं अपना आइडल




**नई दिल्ली, 10 अगस्त।** संजू सैमसन ने अपने 'ऑल टाइम क्रिकेटिंग आइडल' का नाम बताया है, जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। भारत के 30 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज सैमसन ने दिग्गज एमएस धोनी या एडम गिलक्रिस्ट का जिक्र नहीं किया।

मौजूदा दौर के अनेक विकेटकीपर-बल्लेबाज दिग्गज एमएस धोनी और एडम गिलक्रिस्ट को अपना आइडल मानते हैं। दोनों ने अपने करियर में सफलता के झंडे गाड़कर बेशुमार युवाओं को प्रेरित किया। हालांकि, विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन के 'ऑल टाइम क्रिकेटिंग आइडल' पूर्व भारतीय कप्तान धोनी या ऑस्ट्रेलिया के पूर्व धाकड़ विकेटकीपर गिलक्रिस्ट नहीं। उन्होंने जो नाम बताया, वो सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। सैमसन दिग्गज रोहित शर्मा को अपना आइडल मानते हैं। उन्होंने पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन के सामने यह बात कही। 'हिटमैन' के नाम से मशहूर रोहित टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल से रिटायर हो चुके हैं।

दरअसल, अश्विन के यूट्यूब चैनल पर 'कुट्टी स्टोरीज विद ऐश' शो में सैमसन से पूछा गया, ''आपका ऑल टाइम क्रिकेटिंग आइडल कौन है?'' इसके बाद 30 वर्षीय सैमसन कुछ देर के लिए सोच में पड़ गए। उन्होंने फिर कहा, ''यह एक बड़ा सवाल है। मेरे आइडल रोहित शर्मा हैं।'' अश्विन ने इसके अलावा सैमसन से पूछा कि मॉडर्न डे क्रिकेट के एक ऐसे खिलाड़ी का नाम बताएं, जिसे खेलते हुए देखकर वह उत्साहित होते हैं। सैमसन ने जवाब में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का नाम लिया। सैमसन और सूर्यवंशी आईपीएल 2025 में रॉजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए साथ खेले। सैमसन आरआर के कप्तान हैं। बता दें कि सूर्यवंशी ने आरआर के लिए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर खूब सूर्खियां बटोरीं। आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले सूर्यवंशी ने सात मैचों में 252 रन बनाए। उन्होंने 206.55 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हुए 24 छक्के और 18 चौके ठोके। सूर्यवंशी ने 35 गेंदों पर जड़ा शतक था। वह आईपीएल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय हैं। उनके आईपीएल 2026 में भी आरआर के लिए ओपनिंग करने की संभावना है। वहीं, सैमसन की बात करें तो पिछले कई हफ्तों से विकेटकीपर के राजस्थान रॉयल्स से अलग होने की अटकलें लग रही हैं।

# भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों का विश्व खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन

### सिर्फ ऋषभ यादव ने जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली, 10 अगस्त।** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों का चीन में चल रहे विश्व खेलों में काफी खराब प्रदर्शन देखने को मिला है। ऋषभ यादव के कांस्य पदक को छोड़कर भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों के लिए विश्व खेलों में 9 अगस्त का दिन काफी निराशाजनक रहा जिसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त मिक्सड टीम शुरुआती दौर में ही हार गई। ऋषभ जो कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे उन्हें सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी कर्टिस ली ब्रॉडनेक्स से हार का सामना करना पड़ा।

विश्व खेलों में व्यक्तिगत कंपाउंड में ऋषभ यादव को सेमीफाइनल मैच में कर्टिस ली ब्रॉडनेक्स से 145-147 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं ऋषभ यादव ने कांस्य पदक 149-147 के अंतर से अपने नाम किया जिसमें उन्होंने अपने सीनियर साथी खिलाड़ी अभिषेक वर्मा से बेहतर प्रदर्शन किया। अभिषेक को सेमीफाइनल मैच में नीदरलैंड के शीर्ष वरीयता प्राप्त माइक श्लोएसर से 145-148 के अंतर से हार मिली थी। भारतीय दल को सबसे बड़ी निराशा मिक्सड कंपाउंड इवेंट में मिली जिसमें क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहने के बाद अभिषेक वर्मा और मधुरा धामनगांवकर की जोड़ी पहले ही दौर में अपनी चिर-प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया से हार गई। भारतीय जोड़ी को मून यिउन और ली यून्हो से 151-154 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय जोड़ी का सफर भी खत्म हो गया। वहीं महिला व्यक्तिगत इवेंट में भी क्वार्टर फाइनल में जाकर चुनौती खत्म हो गई। मिक्स्ड स्पर्धा का यह परिणाम विशेष रूप से काफी चिंता वाला है क्योंकि 8 टीमों के ड्रॉ में पदक हासिल करने के लिए केवल दो में जीत की जरूरत थी। बता दें कि मिक्स्ड कंपाउंड टीम इवेंट लास एंजिल्स में होने वाले साल 2028 के ओलंपिक में पहली बार आयोजित किया जाएगा।

# फिटनेस टेस्ट में खुली बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की पोल

### उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए कई खिलाड़ी



**ढाका, 10 अगस्त।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस की पोल उस समय खुल गई, जब रविवार को नेशनल स्टेडियम में 1600 मीटर की दौड़ में उन्होंने हिस्सा लिया। नाहिद राणा ने फिटनेस ट्रेनिंग में सभी को प्रभावित किया, लेकिन कई क्रिकेटर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। पहले बांग्लादेश के खिलाड़ियों की फिटनेस की निगरानी यो-यो या बीप टेस्ट के जरिए की जाती थी, लेकिन नए स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच नाथन कीली के आने के बाद से टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों की फिटनेस जांचने के लिए 1600 मीटर दौड़ और 40 मीटर स्प्रिंट का विकल्प चुना है।

क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम और शमीम पटवारी को 1600 मीटर की दौड़ पूरी करने में लगभग आठ मिनट लगे।

दूसरी ओर राणा फिटनेस टेस्ट में हिस्सा लेने वाले 22 क्रिकेटरों में सर्वश्रेष्ठ रहे, जिन्होंने 1600 मीटर की दौड़ सिर्फ5 मिनट 31 सेकंड में पूरी की। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाड़ियों की फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं।

रविवार को क्रिकबज को टीम मैनेजमेंट के एक सदस्य ने बताया,नाहिद राणा का प्रदर्शन लाजवाब था। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन साथ ही कुछ क्रिकेटर ऐसे भी थे जो हमारी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। नीदरलैंड के खिलाफआगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज और उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले एशिया कप के लिए स्किल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले वर्तमान में एक फिटनेस कैंप चल रहा है।

रिपोर्ट में आगे बताया है कि मेहदी हसन मिराज पहले बैच में दूसरे स्थान पर रहे। मिराज ने 6 मिनट और 1 सेकंड में 1600 मीटर की रेस को पूरा किया, जबकि मुश्फिकुर रहीम, जो एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं, 1600 मीटर की दौड़ 6 मिनट और 10 सेकंड में पूरी करके तीसरे स्थान पर रहे। 15 क्रिकेटरों वाले दूसरे समूह में तंजीम हसन साकिब ने 1600 मीटर की दौड़ 5 मिनट 53 सेकंड में पूरी की। उनके बाद शहादत हुसैन दीपू ने 6 मिनट में दौड़ पूरी की और परवेज हुसैन इमोन 6 मिनट 13 सेकंड इस रेस को पूरा करने में लगे।

## व्यापार

# शेयर बाजार में ट्रेडर्स के लिए 12 अगस्त अहम

### अलर्ट पर रहने की सलाह




**मुंबई, 10 अगस्त।** शेयर बाजार के लिए 12 अगस्त की तारीख अहम है। वेल्थव्यू एनालिटिक्स के डायरेक्टर हर्षुभ शाह के मुताबिक इस दिन ट्रेडर्स को अलर्ट रहना चाहिए। बाजार में बड़ा मोमेंटम दिख सकता है। इसके अलावा 11 से शुरू होने वाली हफ्ते में महंगाई दर का डेटा, ट्रम्प-पुतिन की मीटिंग से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री और टेक्निकल फैक्टर्स बाजार की चाल तय करेंगे। सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। इन स्तरों पर खरीदारी का मौका मिल सकता है।

रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। अगर निफ्टी रजिस्टेंस जोन को पार करता है, तो नई तेजी आ सकती है।

वेल्थव्यू एनालिटिक्स ने अपनी वीकली रिपोर्ट में 12 अगस्त की तारीख को हाइलाइट किया है। रिपोर्ट के मुताबिक 12 तारीख पर बड़ा मूवमेंट आ सकता है। ये मोमेंटम बेयर्स और बुल्स दोनों को सरप्राइज कर सकता है। अगर आप ट्रेडिंग कर रहे हैं, तो इस दिन एक्स्ट्रा सतर्क रहें। मोमेंटम अचानक बदल सकता है।

वेल्थव्यू एनालिटिक्स के डायरेक्टर हर्षुभ शाह ने पिछली रिपोर्ट में बताया था कि 8 अगस्त को बड़ा मूवमेंट दिख सकता है और बिल्कुल वैसा ही हुआ। इस दिन निफ्टी में 232 पॉइंट्स की गिरावट आई। वहीं इस रिपोर्ट में 7 अगस्त को एक वोलेटाइल दिन के तौर पर हाइलाइट किया गया था। इस दिन तेज इंट्राडे उतार-चढ़ाव दिखा।

अब 5 फैक्टर्स जो बाजार की दिशा तय कर सकते हैं

1. महंगाई के आंकड़ेः रिटेल महंगाई दर के आंकड़े 12 अगस्त और थोक महंगाई के आंकड़े 14 अगस्त को जारी होंगे। उम्मीद की जा रही है कि जुलाई में महंगाई दर और कम हो सकती है।

जून महीने में रिटेल महंगाई घटकर 2.10 प्र. पर आ गई थी। ये 77 महीने का निचला स्तर था। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी थी। वहीं जून महीने में थोक महंगाई घटकर माइनस 0.13 प्र. पर आ गई थी। ये इसका 20 महीने का निचला स्तर था।

2. ट्रंप-पुतिन मुलाकातः अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार, 15 अगस्त को अलास्का में मिलेंगे। ये मुलाकात पूरी दुनिया की नजरों में होगी।

इससे रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने का रास्ता खुल सकता है। ये युद्ध 24 फरवरी 2022 को रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से चल रहा है।

3. विदेशी निवेशकः कैश सेगमेंट में, FPI ने जुलाई में 47,666.68 करोड़ रुपए के शेयर बेचे और अगस्त में अब तक उन्होंने 14,018.87 करोड़ रुपए के शेयर बेच दिए है।

हालांकि, शुक्रवार, 8 अगस्त को उन्होंने कैश सेगमेंट में 1,932.81 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। ये कहना अभी जल्दबाजी होगी कि FPI की खरीदारी का ये ट्रेंड बना रहेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि टैरिफ की अनिश्चितता और कमजोर कॉरपोरेट अर्निंग्स की वजह से मार्केट का शॉर्ट-टर्म आउटलुक धुंधला बना हुआ है।

अगर FPI 8 अगस्त की तरह भारतीय शेयरों की खरीदारी जारी रखते हैं, तो ये घरेलू मार्केट को सपोर्ट देगा और शायद बेंचमार्क इंडेक्स जून से चली आ रही अपनी रेंज से बाहर निकल सकें।

4. कंपनियों के नतीजेः निवेशक इस हफ्ते कुछ प्रमुख कंपनियों की कमाई पर भी नजर रखेंगे। BSE के मुताबिक आने वाले हफ्ते में 2,000 से ज्यादा कंपनियां अपनी जून तिमाही के नतीजे घोषित करेंगी। इनमें बजाज कंज्यूमर केयर, अशोक लेलैंड, ONGC, IOC, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, BPCL, और हिंदुस्तान कॉपर शामिल है।

5. टेक्निकल फैक्टर्सः SBI सिक्योरिटीज में टेक्निकल और डेरिवेटिव्स रिसर्च के हेड सुदीप शाह के मुताबिक 24,200-24,150 का जोन इंडेक्स के लिए अहम सपोर्ट का काम करेगा।

# पीएम किसान की 21वीं किस्त में आएगी डबल राशि? सरकार ने दिया जवाब



**नई दिल्ली, 10 अगस्त।** पीएम किसान के करोड़ों लाभार्थियों के लिए जरूरी खबर है। जहां एक तरफकिसानों को बीते सप्ताह 20 वीं किस्त की 2000 की राशि कर दी गई है। वहीं, दूसरी तरफ अब चर्चा 21वीं किस्त की शुरू हो गई है। किसानों के बीच चर्चा है कि जैसे केंद्र सरकार किसानों को दी जाने वाली इस आर्थिक मदद को दोगुनी करने का भी प्लान कर रही है। हालांकि, किसानों की बीच हो रही इस चर्चा पर सरकार ने जवाब दिया है।

इसके अलावा, सरकार ने नए रजिस्ट्रेशन के लिए अब 14 राज्यों में किसान ID देना अनिवार्य कर दिया है। बता दें कि इसका उद्देश्य पीएम किसान योजना का लाभ केवल वास्तविक और पात्र किसानों तक पहुंचाने का है।

सरकार ने संसद में साफ कहा है कि फिलहाल पीएम किसान योजना की राशि दोगुनी करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। यानी 21वीं किस्त में पहले की तरह ही 2000 रुपये दी जाएगी। बता दें कि वर्तमान में किसानों को सालाना 6,000 की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में ही मिलती है और आगे भी यह जारी रहेगी।

बता दें कि अगर पिछला रिकॉर्ड देखें तो हर साल की तरह की इस साल भी अगली किस्त अक्टूबर या नवंबर में आ सकती है। हालांकि, 20वीं किस्त में दो महीने की देरी हुई है इस लिहाज से देखा जाए तो 21वीं किस्त में भी देरी हो सकती है। लेकिन यह पूरी तरह से सरकार के फैसले पर निर्भर करता है कि किस्त कब जारी होगी। बता दें कि सरकार ने यह भी साफकर दिया है कि 21वीं किस्त की राशि पहले जैसी ही रहेगी। इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं होगी।

बता दें कि पीएम किसान योजना भारत सरकार की केंद्रीय योजना है, जिसका उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक मदद देना है। इस योजना के तहत किसानों को सालाना ?6,000 की राशि दी जाती है, जो तीन बराबर किस्तों में सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर होती है। इस योजना की शुरुआत फरवरी 2019 में की गई थी।

# सेंसेक्स की टॉप-10 में से छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.36 लाख करोड़ घटा

## रिलायंस ने दिया सबसे बड़ा झटका

**मुंबई, 10 अगस्त।** भारतीय शेयर बाजार में कमजोरी का सिलसिला जारी रहने की वजह से बीते सप्ताह देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा झटका लगा। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार छठे सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछल हफ्ते सेंसेक्स 742.12 अंक यानी 0.92 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी में 202.05 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी दिग्गज कंपनियों के बाजार मूल्य में गिरावट दर्ज की गई।

हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस को इस दौरान लाभ हुआ। सबसे अधिक गिरावट रिलायंस इंडस्ट्रीज को झेलनी पड़ी, जिसका बाजार पूंजीकरण 34,710.8 करोड़ रुपये घटकर 18,51,174.59 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,722.04 करोड़ रुपये घटकर 15,14,303.58 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का पूंजीकरण भी 24,719.45 करोड़ रुपये घटकर 10,25,495.69 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का 19,504.31 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,91,423.02 करोड़ रुपये रह गया। इस अवधि में भारती एयरटेल का पूंजीकरण 15,053.55 करोड़ रुपये घटकर 10,59,850.32 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का पूंजीकरण 12,441.09 करोड़ रुपये घटकर 5,87,021.88 करोड़ रुपये पर आ गया।

दूसरी तरफ एलआईसी की बाजार हैसियत 17,678.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,77,187.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस दौरान टीसीएस का मूल्यांकन 11,360.8 करोड़ रुपये बढ़कर 10,97,908.66 करोड़ रुपये, एसबीआई का 9,784.46 करोड़ रुपये बढ़कर 7,42,649.34 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का 186.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,148.52 करोड़ रुपये हो गया।

# ग्रेटर नोएडा में बनेगा 174 एकड़ का मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क



**नई दिल्ली, 10 अगस्त।** दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में 174.12 एकड़ के मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास होना है। यह प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही इसके कास के लिए एक डेवलपर का चयन कर सकती है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य राज्य में औद्योगिक निवेश को गति देना और माल ढुलाई की प्रक्रिया को तेज और कुशल बनाना है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने हाल ही में इस परियोजना के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं। मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क परियोजना के लिए तीन बड़ी कंपनियों - अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड, सुपर हैंडलर्स और एम्पेज़ार लॉजिस्टिक्स ने रुचि दिखाई है। इन सभी कंपनियों के प्रस्तावों की समीक्षा मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति द्वारा की जाएगी, जो अंतिम फैसला लेगी।

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के लिए तीन कंपनियों ने आवेदन किया है। समिति जल्द ही इन पर विचार कर निर्णय लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश देश का शीर्ष निवेश गंतव्य बने। इसके लिए निवेशक अनुकूल नीतियां लागू की जा रही हैं।

## आईसीआईसीआई के ग्राहकों को अब खाते में कम से कम 50,000 रखना होगा

**नई दिल्ली, 10 अगस्त।** भारत के दूसरे सबसे बड़े प्राइवेट बैंक आईसीआईसीआई बैंक, ने अपने ग्राहकों के लिए मंथली एवरेज बैलेंस और नकद लेनदेन से जुड़े नियमों में 1 अगस्त 2025 से कुछ बड़े बदलाव किए हैं। खबर के मुताबिक, नए और पुराने ग्राहकों के लिए मंथली एवरेज बैलेंस के नियम नए नियमों के अनुसार, 1 अगस्त 2025 या उसके बाद खाता खोलने वाले ग्राहकों को अपने क्षेत्र के हिसाब से बढ़ा हुआ मिनिमम बैलेंस बनाए रखना होगा। मेट्रो और शहरी क्षेत्रों मेंः 50,000 अर्ध-शहरी क्षेत्रों मेंः 25,000 ग्रामीण क्षेत्रों मेंः10,000।

### महादेव ऑनलाइन सट्टा खुलेआम चल रहा

# पूर्व सीएम बघेल ने विज्ञापन वाले पोस्ट शेयर कर भाजपा पर लगाए कई आरोप

**रायपुर, 10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में महादेव बेटिंग ऐप को लेकर एक बार फिर सियासत शुरू हो गई है. जहां पूर्व CM भूपेश बघेल ने सोशल मिडिया पर महादेव बेटिंग ऐप वाले विज्ञापन शेयर कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है.

छत्तीसगढ़ में महादेव बेटिंग ऐप को लेकर ED-CBI लगातार कार्रवाई कर रही है. वहीं इस मामले को लेकर एक बार फिर सियासत शुरू हो गई है. जहां पूर्व CM भूपेश बघेल ने सोशल मिडिया पर महादेव बेटिंग ऐप वाले विज्ञापन शेयर कर भाजपउ सरकार पर निशाना साधा है.

पूर्व CM भूपेश बघेल ने सोशल मिडिया अकाउंट पर महादेव बेटिंग ऐप वाले विज्ञापन शेयर कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने लिखा कि- लीजिए जी ! ईडी/सीबीआई साहब, देखिए कि महादेव ऑनलाइन सट्टा खुले आम चल रहा है. राजनीतिक संरक्षण का आलम यह है कि फेसबुक पर विज्ञापन आने लगे. आज मेरे एक साथी की फेसबुक पर आया है यह विज्ञापन. तो अब कौन संरक्षण दे रहा है? केंद्रीय गृहमंत्री या छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री? कार्रवाई होगी कि किसी का फर्जी बयान डालने से ही होगी? इसके साथ ऐसे अन्य ऐप के विज्ञापन भी दिखाई दे रहे हैं.

**सुशील आनंद बोले- बेटिंग एप पर केंद्र सरकार रोक क्यों नहीं लगा रही :** वहीं भूपेश बघेल के सोशल मीडिया पोस्ट पर कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश बघेल जी ने जो पोस्ट किया है, वह हकीकत है. बीजेपी महादेव बेटिंग एप के मामले में बड़ी-बड़ी बातें करती है. प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पर महादेव बेटिंग एप पर कार्रवाई हुई. महादेव बेटिंग एप पर केंद्र सरकार रोक क्यों नहीं लगा रही है. खुलेआम सोशल साइट्स में महादेव बेटिंग एप के विज्ञापन चल रहे हैं.




#### क्या है महादेव सट्टा घोटाला ?

महादेव सट्टा एप की जांच अक्टूबर 2022 में शुरू हुई थी. कांग्रेस सरकार के समय ईडी ने जांच शुरू की थी. दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर में मामला दर्ज हुआ था. ईडी ने 6 हजार करोड़ के घोटाले का खुलासा किया था. घोटाला धोखाधड़ी के जरिए किया गया है. जनवरी 2024 तक 80 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. प्रदेश भर में लगभग 600 आरोपियों पर कार्रवाई हुई है. घोटाले के तार दुबई तक जुड़े हैं. घोटाले से बघेल के जुड़े होने के आरोप हैं, बघेल को 508 करोड़ देने का आरोप है.

# महासमुंद की दिव्या राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर में शामिल

## राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर के लिए चेन्नई रवाना

**रायपुर 10 अगस्त।** एफआईबीए अंडर 16 एशियन वूमेंस चौंपियनशिप 2025 का आयोजन मलेशिया में 14 से 20 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जाना है। जिसके लिए बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 अगस्त से 12 सितंबर 2025 तक नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर चेन्नई में आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ से एकमात्र बास्केटबॉल खिलाड़ी महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल होने आज चेन्नई के लिए रवाना हुई। एशिया कप एसएबीए क्वालिफायर चौंपियनशिप मालदीप में दिव्या ने स्वर्ण पदक जीता था।



साऊथ एशियन जोन की टीम के चयन हेतु अंडर 16 एशिया कप क्वालिफायर बास्केटबॉल चौंपियनशिप का आयोजन 12 से 15 जून 2025 तक मालदीप में आयोजित किया गया था जिसमें भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता एवं एशियन चौंपियनशिप मलेशिया के लिए क्वालीफाई किया था। भारतीय टीम में महासमुंद छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिव्या रंगारी मिनी स्टेडियम महासमुंद में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चौंपियनशिप में शामिल होने के साथ ही इंडिया टीम में जगह बनाने में सफल रहीं हैं।

इससे पहले दिव्या ने 48 वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चौंपियनशिप अगस्त 2023 पांडिचेरी में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही हैं जिसमें दिव्या ने अच्छा प्रदर्शन किया था। महासमुंद जिले में बास्केटबॉल खेल का अभ्यास प्रतिदिन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में किया जाता हैं। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भागीदारी करने के साथ ही पदक जीतने में सफल रहे।

## एक नजर

### अस्पताल परिसर से मोटरसाइकिल पार

**रायपुर, 10 अगस्त।** मेकाहारा अस्पताल परिसर में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय ठाकुर 57 वर्ष सत्यनारायण मंदिर के पास टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएन 3990 को मेकाहारा अस्पताल परिसर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 10 अगस्त।** विधानसभा और धरसींवा पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 136 पाव देशी शराब और एक्टिवा वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने मांढर शराब दुकान के पास एक्टिवा सवार आरोपी बालमुकुंद वर्मा 22 वर्ष और मोहम्मद सब्बीर खान 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 126 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने ग्राम रायता मेन रोड में दबिश देकर आरोपी रोहित कुमार चेलक 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 230 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 10 अगस्त।** फाफाडीह शराब दुकान के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते एक युवक को देवेन्द्र नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस को सूचना मिली कि फाफाडीह शराब दुकान के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रही है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी साई मटाले 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिनों तक बारिश की संभावना



**रायपुर,10 अगस्त।** मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बंगाल की खाड़ी पर नया सिस्टम बनने की संभावना जताई है, जिससे प्रदेश में अगले 5 दिनों तक बिजली चमकने और मध्यम बारिश की संभावना है। बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जबकि कोरिया जिले के सोनहत में भारी वर्षा हुई। पिछले 24 घंटे में प्रमुख वर्षा सोनहत 7 सेमी, लोरमी 5 सेमी, पेंड्रा 4 सेमी, बैकुंठपुर 3 सेमी, पिपरिया 3 सेमी, राजनांदगांव 3 सेमी समेत अन्य स्थानों पर 1 से 3 सेमी तक बारिश हुई।

**आज का अलर्ट :** मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ तेज बारिश की चेतावनी दी है। राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया।

**सिनोप्टिक स्थिति:** मानसून की द्रोणिका भटिंडा से होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक फैली है। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और बिहार-झारखंड के ऊपर अलग-अलग ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं, जो प्रदेश में बारिश के लिए अनुकूल स्थिति बना रहे हैं।

**रायपुर में मौसम:** राजधानी रायपुर में आज दिनभर बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान 25 से 33 डिग्री के बीच रह सकता है।

# नक्सलवाद के खात्मे के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी : उपमुख्यमंत्री शर्मा

## अंदरूनी इलाकों में सड़क और भवन निर्माण कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश

**रायपुर, 10 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य की सुदृढ़ रणनीति और सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाई के चलते नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है और इसके खात्मे के लिए समाज के हर वर्ग का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। उक्त बातें उपमुख्यमंत्री शर्मा अपने सुकमा प्रवास के दौरान समीक्षा बैठक में कही।

सुकमा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस अहम समीक्षा बैठक में व्यापारी संगठन, सड़क और खदान निर्माण से जुड़े संघटन, सर्व आदिवासी समाज, जनजाति सुरक्षा मंच, अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के मोबाइल और मेडिकल दुकान संचालक, वनवासी कल्याण समिति तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिले के विकास, सुरक्षा व्यवस्था और नक्सल उन्मूलन के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तार से समीक्षा की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सुकमा की जनता अब विकास की राह पर आगे बढ़ रही है और गुमराह करने वाले तत्वों का प्रभाव खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अंदरूनी इलाकों में विकास कार्यों में जनसहभागिता बढ़ रही है, वह इस बात का संकेत है कि जल्द ही शांति, सुरक्षा और विश्वास के साथ विकास की गति और तेज होगी तथा सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं का व्यापक विस्तार होगा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण कार्यों को अधिक संसाधनों के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और गुणवत्ता पर कोई समझौता न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इन क्षेत्रों में कार्य करने वालों को सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और पुलिस विभाग निभाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय युवाओं को इन निर्माण कार्यों में प्राथमिकता दी जाए, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर मिलें और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत हो। उन्होंने अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने, रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ पर सख्ती से नियंत्रण करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सुकमा जिले में लघु वनोपज की अपार संभावनाएं हैं और इनके प्रसंस्करण से स्थानीय लोगों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने स्व सहायता समूहों की आय बढ़ाने के लिए लघु और कुटीर उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने, युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार करने और निर्माण कार्यों के टेंडर में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कश्यप ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक बस्तर संभाग से नक्सलवाद का जड़ से उन्मूलन करने के लिए सभी को अपने मन में दृढ़ संकल्प के साथ काम करना होगा और शासन की योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा।

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, कोरसा सन्नू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, बस्तर संभाग के आयुक्त डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, डीएफओ अक्षय कुमार भोंसले, अतिरिक्त कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत के सीईओ मुकुंद ठाकुर सहित वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में उपस्थित विभिन्न वर्गों और संगठनों ने नक्सलवाद के उन्मूलन और जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अपने-अपने सुझाव और समर्थन प्रस्तुत किए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह सामूहिक प्रयास ही सुकमा को नक्सलवाद मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

# शराब के नशे में तालाब में डूबा युवक

### एसडीआरएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाकर निकाली लाश



**रायपुर, 10 अगस्त।** रायपुर में एक युवक की शराब के नशे में तालाब में डूबकर मौत हो गई है। युवक अपने दोस्त के साथ दारू पीकर अकेले नहाने उतरा था। उसे गहराई का अंदाजा नहीं हुआ और पानी में डूब गया। युवक के डूबने की खबर मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब 3 घंटे बाद सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक की लाश बरामद कर ली है। यह पूरी घटना विधानसभा थाना क्षेत्र की है। युवक सड्डू के छठ तलाब में डूबा था। थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने बताया कि वीरू धीवर (32) रविवार सुबह 10:30 के करीब तालाब के किनारे बैठकर शराब पी रहा था। साथ में उसका दोस्त भी मौजूद था। शराब पीने के बाद वीरू नहाने के लिए तालाब में उतर गया। इस बीच वह गहराई में चला गया और डूबने लगा।

**गहराई में डूब गई थी बॉडी:** आसपास मौजूद लोगों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। विधानसभा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की बॉडी तलाश की लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद एसडीआरएफको बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन कर करीब 3 घंटे बाद लाश बरामद कर ली।

**हलवाई का काम करता था युवक:** बताया जा रहा है कि युवक वीरू धीवर हवाई का काम करता था। उसके तीन बच्चे हैं। फिलहाल, पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए मेकाहारा भिजवाया है। पीएम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी जाएगी। इस घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# क्या रायपुर रेलवे स्टेशन में बदल गई टू व्हीलर पार्किंग की जगह?




**रायपुर, 10 अगस्त।** क्या रायपुर रेलवे स्टेशन में टू व्हीलर पार्किंग की जगह बदल गई है ? अब कार पार्किंग के साथ टू व्हीलर भी खड़ी कर सकेत है ? तस्वरों को देखकर तो यही लग रहा है, लेकिन ऐसा है नहीं. दरअसल रायपुर रेलवे स्टेशन में टू व्हीलर पार्किंग और 4 व्हीलर पार्किंग का संचालन एक ही पार्किंग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है. यही कारण है कि कमर्शियल विभाग के अधिकारियों को ठेंगा दिखाते हुए अब कार पार्किंग में टू व्हीलर पार्किंग शुरू हो गई है. तस्वीरों और कार्रवाई न होना इस ओर इशारा करता है कि कमर्शियल विभाग के अधिकारियों ने संभवतः अपनी मौन सहमति दे रखी हो. जबकि यहां गाड़ी खड़े किए जाने को लेकर विवाद कोई नया नहीं है. पार्किंग ठेकेदार इतने निश्चिंत हो गए है कि उन्होंने बकायदा कार एक्जिट के पार्किंग में एक फ्लेक्स भी लगा दिया है, जिसमें बड़ी चालाकी से ये लिखा गया है कि आते समय पर्ची अवश्य ले और जाते समय पर्ची अवश्य दे. अब सवाल ये है कि कार पार्किंग के एग्जिट प्वाईट में पर्ची अवश्य ले, ये किस उद्देश्य से लिखा गया है ? और क्या ये फ्लैक्स रेलवे अधिकारियों को नजर नहीं आया !

### 3 करोड़ की हेरोइन केस- पाकिस्तानी ड्रग्स-नेटवर्क में 11 मेंबर

# मास्टरमाइंड से मिली लीड, सिंडिकेट के 2 और तस्कर अरेस्ट, बताए ठिकाने पर देते थे डिलीवरी

**रायपुर, 10 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में पाकिस्तान से जुड़े ड्रग सिंडिकेट के खिलाफ रायपुर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। सिंडिकेट के मास्टरमाइंड से पूछताछ के बाद 2 और आरोपियों की गिरफ्तारी की है। पकड़े गए आरोपियों के नाम रविंद्र कुमार साहू और अभिषेक रजक है। दोनों आरोपी डिलीवरी बॉय का काम करते थे। रायपुर पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने ड्रग्स सप्लाई की बात कबूल की है। इनकी गिरफ्तारी के बाद ड्रग्स सिंडिकेट केस में अब गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 11 हो गई है। गिरफ्तार आरोपियों को लेकर पुलिस आज खुलासा कर सकती है। टिकरापारा पुलिस और [illegible] की टीम ने छापेमारी कर 9 आरोपियों को पकड़ा है। इनके पास से 1 करोड़ की हेरोइन जब्त की गई है। टिकरापारा पुलिस और ACCU की टीम ने छापेमारी कर 9 आरोपियों को पकड़ा है। इनके पास से 1 करोड़ की हेरोइन जब्त की गई है।



**पाकिस्तान ड्रग्स केस की 4 एजेंसियां रही जांच:** वर्चुअल नेटवर्क बनाकर पिछले 8 महीने से रायपुर में ड्रग्स सिंडिकेट ऑपरेट कर रहे इस गिरोह के खिलाफ रायपुर पुलिस के साथ-साथ IB, NCB और [illegible] भी जांच कर रही है। IB के अफसर पुलिस रिमांड पर लाए गए मास्टर माइंड लवजीत सिंह उर्फ बंटी से पूछताछ कर चुके हैं। लवजीत सिंह से नेटवर्क, सप्लाई और सिंडिकेट से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। इन जानकारियों के आधार पर जांच एजेंसियां आगे की कार्रवाई कर रही हैं। पंजाब के गुरदासपुर का रहने वाला लवजीत सिंह उर्फ बंटी इस इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट का मास्टरमाइंड है। शुरुआती जांच में पता चला कि वह पाकिस्तान के तस्करों से ड्रग्स मंगवाता था, जिसे सीक्रेट तरीके से इंटरनेशनल बॉर्डर पार कराया जाता था। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पार होने के बाद हेरोइन पंजाब बॉर्डर एरिया में सुरक्षित ठिकानों पर छुपाया जाता था। यहीं से लवजीत का मुख्य ऑपरेशन चलता था। वह वहां से भारत के अलग-अलग राज्यों में ड्रग्स की थोक सप्लाई करता था।

**बढ़ता पर्यटन** | **वैश्विक स्तर पर पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर रहा है गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला**

# मलेशिया सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों का दो दिवसीय नेचर हीलिंग कैंप

- **प्रेम और सहयोग की भाषा ने विदेश से आए सैलानियों के लिए तैयार की राह, स्थानीय संस्कृति में ढले सैलानी**

**रायपुर, 10 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को पर्यटन के नजरिए से बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। इसी कड़ी में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को स्थानीय प्रशासन और पर्यटन समितियों की मेहनत से पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान लगातार बढ़ रही है। बनमनई इको फाउंडेशन और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नेचर हीलिंग कैंप में मलेशिया सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। मलेशिया से चार विदेशी मेहमान इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। इनके साथ ही बिहार से फिल्म निर्माता आर्यन चंद्रप्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार विभाष झा, डॉ अरविंद गुप्ता बंगलौर, ए के सिंह (सेवानिवृत्त प्रबंधक, कोल इंडिया), इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय और अमलाई के शोधार्थी सहित 20 अन्य प्रतिभागी कैंप में शामिल हुए।




कार्यक्रम में पर्यावरणविद् संजय पयासी ने जिले के दो प्रमुख जलप्रपात लक्ष्मणधारा और झोझा जल प्राप्त की ट्रैकिंग कराई। मलेशियाई मेहमानों का पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन पहुंचे पर आत्मीय स्वागत किया गया। स्थानीय लोग उत्साह से भर उठे। सभी ने उनके साथ फोटो खिंचवाई। स्थानीय लोगों के इस उत्साह से विदेशी अतिथि अत्यंत प्रसन्न और प्रभावित हुए। उन्हें पेंड्रा की हरी सब्जियां, चरवाहों की बाँस की टोपी, और लक्ष्मणधारा की ऑफ़रोड राइडिंग ने उन्हें एक अनोखा अनुभव दिया। लक्ष्मणधारा पर्यटन समिति द्वारा परोसे गए पकौड़े और लेमन जिंजर चाय का उन्होंने भरपूर आनंद लिया। इतने सुदूर क्षेत्र में भी पर्यटन समिति के उत्कृष्ट प्रबंधन ने सभी पर्यटकों को आश्चर्यचकित कर दिया। अरपा नदी पर स्थित लक्ष्मणधारा जलप्रपात अपने पूरे शबाब पर था। पानी की उड़ती बूंदों में छनकर आती सूर्य किरणें सुंदर इंद्रधनुष रच रही थीं। यही पर्यटन का आकर्षण है, जहां अलग-अलग भाषा, देश, परिवेश और संस्कृति के लोग अपने-अपने रंग लिए मिलते हैं। शाम को पर्यटक लमना होमस्टे पहुंचे, जहां ग्रामीण महिलाओं ने तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। गांव वालों का प्रेम और सम्मान ÷अतिथि देवो भव÷ की परंपरा को सजीव कर रहा था। रात्रि में प्रस्तुत गौरा-गौरी का स्थानीय लोकनृत्य सभी को थिरकने पर मजबूर कर गया।

### दूध से भरी टाटा एस वाहन ट्रांसफार्मर टकराई, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल

**भिलाई, 10 अगस्त।** भिलाई-3 में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 4 से 4:30 बजे के बीच भिलाई-3 पेट्रोल पंप के सामने एक टाटा एस वाहन, जो अमूल दूध की डिलीवरी के लिए निकली थी, अचानक सामने आए जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर के खंभे से जा टकराई। इस दुर्घटना में वाहन का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी टांग की हड्डी टूट गई वहीं हेल्पर को भी हल्की चोटें आईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ड्राइवर और हेल्पर केबिन में फंस गए। सूचना मिलते ही थाना पुरानी भिलाई-3 और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है और किसी गंभीर जानमाल की हानि की खबर नहीं है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26